**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्षः 13 अंकः 283 लखनऊ, मंगलवार 28 मई 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## 4 सीट भी पार नहीं कर पाएगी सपा, यूपी में बोले अमित शाह ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने और मंदिर बनाने वालों के बीच

संवाददाता।

लखनऊ शाह ने कहा कि इस चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाले दो शहजादे राहुल बाबा और अखिलेश यादव हैं। वहीं दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद जिनपर 25 पैसे का भी आरोप नहीं है, ऐसे हमारे नेता नरेन्द्र मोदी जी हैं। उत्तर प्रदेश के चंदौली और सलेमपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस और समजावादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। अमित शाह ने कहा कि भाजपा 400 पार करने वाली है और कांग्रेस 40 के अंदर सिमटने वाली है, अखिलेश जी 4 भी



पार नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि ये चुनाव रामभक्तों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। आप रामभक्तों पर गोली चलाने वाली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को वोट दे सकते हो क्या? शाह ने कहा कि इस चुनाव में एक ओर 12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाले दो शहजादे राहुल बाबा और अखिलेश यादव हैं। वहीं दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद जिनपर 25 पैसे का भी आरोप नहीं है, ऐसे हमारे नेता नरेन्द्र मोदी जी हैं। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि ये घमंडिया गठबंधन परिवारवादियों का गठबंधन है। उसके दलों के अध्यक्षों का लक्ष्य अपने बेटे–बेटी और भतीजों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाना है।

उन्होंन जोर देते हुए कहा कि 4 जून के परिणाम सुनिश्चित है, भाजपा जीतने वाली है, 400 सीटें आने वाली हैं। उस दिन 4 बजे राहुल बाबा प्रेस कांफ्रेंस करेंगे और श्कहेंगे कि म्टड के कारण भाजपा जीती है। राहुल बाबा, हार का ठीकरा मशीनों पर मत फोड़िये, अपनी नीतियां देखिए, जिनके कारण जनता आपको नहीं चुनती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, PoK मत मांगिए।

## लखनऊ कार की टक्कर पर अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज ने निकाली पिस्टल, बट्ट से किए ड्राइवर पर वार

संवाददाता।

लखनऊ में एक अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज ने एक मामूली कार डेंट पर अपना आपा खो दिया। कार की टक्कर पर उसने पिस्तौल निकालकर पीछे से आ रही कार ड्राइवर को उसके बट से मारा। लखनऊ में दिनदहाड़े एक अजीब घटना घटी है। एक अंतराष्ट्रीय निशानेबाज ने कार में मामूली टक्कर हो जाने पर अपनी पिस्टल निकाल ली। उसने पीछे से आ रही कार ड्राइवर को पिस्टल के बट्ट से मारा। इस दौरान पूरी सड़क पर जाम लग गया और लोग वीडियो बनाने लगे। गोमतीनगर के विवेक खंड में रहने वाला विनोद मिश्र अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज है।सोमवार दोपहर फैजाबाद रोड वह गुजर रहा था। तभी उसने अचानक ब्रेक लगा दी। अचानक ब्रेक लगने से पीछे से आ रही कार उसकी एसयूवी से टकरा गई। इस मामूली बात पर विनोद ने अपना आपा खो दिया। वह अपनी एसयूवी से बाहर निकला और और सरेराह कार चालक सतीश पर पिस्टल की बट्ट से वार किये। इस दौरान पूरे सड़क जाम हो गई। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह के मुताबिक मामले को जांच की जा रही है।




## नौतपा में बरस रही आग- 132 वर्षों में तीसरी बार मई में 48 डिग्री पहुंचा झांसी का पारा, 25 साल का टूटा रिकार्ड

नौतपा के तीसरे दिन झांसी जिले का अधिकतम तापमान 48.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। 132 सालों में तीसरी बार मई में ऐसा मौका आया है, जब झांसी का अधिकतम पारा 48 डिग्री या उसके पार पहुंचा है।

## पंजाब के कैबिनेट मंत्री का अश्लील वीडियो वायरल, राष्ट्रीय महिला आयोग ने लिया संज्ञान

एजेंसी।

नई दिल्ली मंत्री ने जवाब दिया कि वीडियो की जानकारी उन्हें नहीं है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री ने नौकरी के संबंध में उनसे संपर्क करने वाली महिला को वीडियो कॉल पर कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया और उसे अपने निजी अंग भी दिखाए। कई भाजपा नेताओं ने सोमवार को पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री बलकार सिंह का एक आपत्तिजनक वीडियो साझा किया, जिसमें उन पर एक 21 वर्षीय महिला को अपने निजी अंग दिखाने का आरोप लगाया गया। हालांकि, मंत्री ने जवाब दिया कि वीडियो की जानकारी उन्हें नहीं है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मंत्री ने नौकरी के संबंध में उनसे संपर्क करने वाली महिला को वीडियो कॉल पर कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया



और उसे अपने निजी अंग भी दिखाए। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पंजाब पुलिस को सेक्स वीडियो आरोपों की जांच करने और तीन दिनों के भीतर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। महिला पैनल ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग पंजाब के विधायक श्री बलकार सिंह पर कदाचार का आरोप लगाने वाली एक ट्विटर पोस्ट से गंभीर रूप से परेशान है। रिपोर्ट की गई हरकतें, यदि प्रमाणित होती हैं, तो आईपीसी की धारा 354 और 354 बी के तहत गंभीर उल्लंघन हैं, जो सीधे तौर पर एक महिला की गरिमा का अपमान करती हैं। आयोग ने कहा कि उसने पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव से आग्रह किया है कि ष्मामले की तेजी से और पूरी तरह से जांच करें, आरोपों की पुष्टि होने पर बलकार सिंह की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।ष एनसीडब्ल्यू ने तीन दिनों के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट और एफआईआर भी मांगी।

## गोरखपुर में सपा उम्मीदवार का दावा, रोटी की तरह जनता सरकार को भी पलटेगी

गोरखपुर लोकसभा से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार काजल निषाद ने कहा कि शरीर में आयीं तमाम दिक्कतों के बावजूद भी क्षेत्र में लोगों के बीच मिल रहे समर्थन के कारण वे चुनाव प्रचार में जुटी हैं। बीजेपी उम्मीदवार को लेकर उन्होंने बताया कि किशन फिल्मों में साड़ी पहनते हैं और हमेशा क्षेत्र की जनता के बीच से गायब रहते हैं। चुनाव यात्रा को लेकर प्रभासाक्षी की टीम उत्तर प्रदेश पहुंची। जहां




गोरखपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार काजल निषाद से हमारे एडिटर नीरज कुमार दुबे ने बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शरीर में आयीं तमाम दिक्कतों के बावजूद भी क्षेत्र में लोगों के बीच मिल रहे समर्थन के कारण वे चुनाव प्रचार में जुटी हैं। बीजेपी उम्मीदवार रवि किशन को लेकर उन्होंने बताया कि किशन फिल्मों में साड़ी पहनते हैं और हमेशा क्षेत्र की जनता के बीच से गायब रहते हैं लेकिन वे गोरखपुर की बहू हैं। इसलिए क्षेत्र का विकास करवाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र की तारीफ करते हुए काजल ने दावा किया कि लोगों की उम्मीदें घोषणा पत्र से निश्चित रूप से जुड़ी हुई हैं। इस दौरान उन्होंने महंगाई और बेरोजगारी को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। सपा उम्मीदवार ने भरोसा जताया कि जनता रोटी की तरह इस बार बीजेपी की सरकार पलट देगी। गोरखपुर की सीट पर इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर भी वे आश्वस्त दिखाई दीं।

## देश का एजेंडा बन चुका है विकासवाद, वाराणसी में बोले जेपी नड्डा– तीसरी बार पीएम बनने जा रहे नरेंद्र मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली नड्डा ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में विकासवाद देश का एजेंडा बन चुका है। आज कोई किसी से जाति नहीं पूछता, आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत पर 200 वर्षों तक राज करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर आज भारत 11वें नंबर से छलांग लगाकर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वाराणसी में प्रभावी मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आप सबकी उपस्थिति ने ये साफ कर दिया है कि आपने मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। आपको ये भी मालूम है कि मोदी जी ने 10 साल में राजनीति की परिभाषा, राजनीति की संस्कृति और राजनीति की सोच बदल डाली है। आज राजनीति विकासवाद की हो गई है। इसलिए आज भारत का हर व्यक्ति कह रहा है कि 2024 का वोट... 2047 का शविकसित भारत का संकल्पश को पूरा करने का संकल्प है। नड्डा ने कहा कि आज मोदी जी के नेतृत्व में विकासवाद देश का एजेंडा बन चुका है। आज कोई किसी से जाति नहीं पूछता, आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत पर 200 वर्षों तक राज करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर आज भारत 11वें नंबर से छलांग लगाकर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि 4 जून को पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और ये दुनिया के लिए बड़ी खबर होगी....अब



भारत को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। वहीं, बुनकर कारीगर महासम्मेलन में उन्होंने कहा कि 2014 के बाद जो बुनकरों की जिंदगी में बदलाव आया है, वो मोदी जी के मजबूत नेतृत्व के कारण संभव हो पाया है। 10 साल पहले लोग सोचते थे कि इस देश में कुछ बदलने वाला नहीं है, ऐसी मानसिकता बन गई थी। लोगों में उदासीनता आ गई थी। लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में लोगों की आशाएं और आकांक्षाएं बदल गई हैं... आज उनको लगता है कि नेता देश को बदल सकता है। मोदी जी ने बुनकर समाज को हर तरीके से प्रोत्साहन देने का काम किया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी ने वोकल फॉर लोकल को आगे बढ़ाने का काम किया। वोकल फॉर लोकल... ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये भारत के आर्थिक जगत का मंत्र है और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की आत्मा है।

## बृजेशचंद्र मिश्र की स्मृति में हुई स्मृति सभा

लखनऊ(आरएनएस)। जाने माने समाजसेवी एवं लखनऊ के अम्बालिका इंस्टीटयूट एण्ड मैनेजमेंट टेक्नालॉजी के संस्थापक रहे स्व. बृजेशचंद्र मिश्र की स्मृति में सोमवार को हुई स्मृति सभा में बड़ी संख्या में समाजविदो, शिक्षा मनीषियों विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं सहित शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति को नमन किया।कैण्ट स्थित बृजेश धाम में हुई स्मृति सभा में कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्व. पं. बीसी मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना एवं अम्बालिका के निदेशक अम्बिका मिश्र ने स्वर्गीय मिश्र के चित्र के समक्ष उनकी स्मृति में दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में लखनऊ एवं प्रतापगढ़, रायबरेली, प्रयागराज समेत कई जिलों के शिक्षामनीषियों व सामाजिक संगठनों से जुडी हस्तियों ने भी स्व. मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी यादगार को अविस्मरणीय बनाया। स्व. बृजेशचंद्र मिश्र जिले की रामपुर खास की विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के ससुर तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के समधी भी थे। स्व. बीसी मिश्र की स्मृति को याद करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय मिश्र ने तकनीकी शिक्षा, शोध प्रबन्धन तथा पर्यावरण एवं वन्य जीव जन्तुओं की संरक्षा के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दिया है। उन्होनें कहा कि लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों में स्वर्गीय पं. बृजेशचंद्र मिश्र ने युवाओं के शैक्षिक कैरियर के निर्माण में अपना प्रभावी मार्गदर्शन दिया। प्रारम्भ में स्व. बीसी मिश्र के पुत्र एवं अम्बालिका के निदेशक एवं पर्यावरणविद अम्बिका मिश्र ने अपने पिता स्व. बीसी मिश्र के सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में योगदान की कार्यवृत्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की संयोजिका विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्व. बीसी मिश्र की स्मृति को नमन करते हुए

## केजरिवाल के फोन रिकार्ड की जांच, महिला आयोग का दिल्ली पुलिस को बड़ा निर्देश

एजेंसी।

नई दिल्ली कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर आप के राज्यसभा सदस्य पर हमला करने का आरोप है। महिला पैनल ने एक बयान में कहा कि एनसीडब्ल्यू के संज्ञान में आया है कि मालीवाल की दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास स पर आगमन के बाद विभव कुमार को बुलाया गया था। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच की मांग की, जिसमें दावा किया गया कि आप सांसद स्वाति मालीवाल के वहां पहुंचने के बाद उनके सहयोगी विभव कुमार को सीएम आवास पर बुलाया गया था। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री आवास पर आप के राज्यसभा सदस्य पर हमला करने का आरोप है। महिला पैनल ने एक बयान में कहा कि एनसीडब्ल्यू के संज्ञान में आया है कि मालीवाल की दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास स पर आगमन के बाद विभव कुमार को बुलाया गया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री सहित सभी संबंधित व्यक्तियों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की जांच करना जरूरी है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि विभव कुमार को किसके निर्देश पर बुलाया गया था। एनसीडब्ल्यू ने उन व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर भी जोर दिया, जो मालीवाल को बलात्कार और मौत की धमकियां दे रहे हैं। इसने



आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 की उचित धाराओं के तहत आरोप लगाने की मांग की है और तीन दिनों के भीतर की गई कार्रवाई पर एक व्यापक रिपोर्ट की मांग की है। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने सोमवार को मारपीट मामले में विभव कुमार की जमानत याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। उन्हें 24 मई को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। कुमार की ओर से ~~पेश वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने दलील दी कि शिकायतकर्ता सीएम के आवास पर गया और पीए विभव कुमार को बुलाया।~~

## जब भी आप Modi सरकार की आलोचना करते हैं, आपको राष्ट्र-विरोधी कह दिया जाता है

चंडीगढ़ ।

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि जब भी लोग मोदी सरकार की आलोचना करते हैं, उनपर राष्ट्रविरोधी होने का आरोप लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि असहमति को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र




मोदी के शासनकाल की तुलना की। चंडीगढ़ । कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि जब भी लोग मोदी सरकार की आलोचना करते हैं, उनपर राष्ट्रविरोधी होने का आरोप लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि असहमति को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल की तुलना की। उन्होंने कहा कि नेहरू ने कहा था कि भारत के लोगों में लोकतंत्र को स्थापित करना और प्रोत्साहित करना होगा। मोदी का जिक्र करते हुए थरूर ने कहा कि वर्षों पहले नेहरू द्वारा 70 साल पहले स्थापित लोकतांत्रिक संस्थानों और मूल्यों के कारण एक चायवाला देश का प्रधानमंत्री बन सका। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ

## रवि किशन को बड़ी जीत की उम्मीद, विकास कार्यों की बदौलत मिल रहा अपार जन समर्थन

संवाददाता।

गोरखपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी को गोरखपुर में अपार जन समर्थन मिल रहा है। सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की तारीफ करते हुए उन्होंने दावा किया इन सभी योजनाओं से गरीब और निचले तबके के लोगों के जीवन स्तर में निश्चित रूप से सुधार हुआ है। चुनाव यात्रा को लेकर टीम उत्तर प्रदेश पहुंची। जहां गोरखपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रवि किशन और भाजपा कार्यकर्ताओं से हमारे एडिटर नीरज कुमार दुबे ने बात की। इस दौरान रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर की जनता से अपार जन समर्थन मिल रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं की तारीफ करते हुए भाजपा उम्मीदवार ने दावा किया इन सभी योजनाओं से गरीब और निचले तबके के लोगों के जीवन स्तर में निश्चित रूप से सुधार हुआ है। इस दौरान उन्होंने गोरखपुर में नवनिर्मित एम्स और विभिन्न परियोजनाओं को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। भाजपा नेता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में शिक्षा को लेकर वर्तमान सरकार के दौरान छात्रों के जीवन में आमूलचूक परिवर्तन आया है। रवि किशन ने बताया कि गोरखपुर में पिछले कुछ वर्षों में 150 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है और फिल्म निर्माण उद्योग को बनाने का काम भी जारी है। संसद में उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को लेकर किशन ने कहा कि वह अपने कर्तव्य का निर्वाहन ईमानदारी से करके क्षेत्र की जनता का कर्ज उतारने का प्रयास कर रहे हैं। अपनी जीत के प्रति आश्वस्त बीजेपी उम्मीदवार ने बताया कि अगले कार्यकाल में रुके हुए विकास कामों को बढ़ाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। समाजवादी पार्टी पर माफियाओं की पार्टी होने का आरोप लगाते उन्होंने कहा की यह सभी हुदड़ंग मचाने वाले लोग हैं। जिनका प्रमुख काम लोगों को लूटना और गरीबों को मारना है। भाजपा नेता ने दावा किया कि समाज के सभी वर्गों के लोग बीजेपी के साथ हैं। तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी उम्मीद जताई की गोरखपुर में भारतीय जनता पार्टी की जीत के साथ–साथ देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो विकास कई वर्ष बाद होना था वह वर्तमान समय में ही हो चुका है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 सीट जीतने का आंकड़ा निश्चित रूप से पार करेगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अखिलेश यादव की रैली में कुर्सियां खाली पड़ी रहती हैं। उनको सिर्फ यादव समाज का ही वोट मिलने की उम्मीद है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# अधिवक्ताओं के लिए मोदी समर्पित, मोदी के लिए अधिवक्ताः योगी'

वाराणसीध्लखनऊ 27 मई 2024। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी कचहरी के निकट रामआसरे वाटिका में अधिवक्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं ने देश व समाज के लिए खुद को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अधिवक्ताओं की प्राथमिकता में हैं और अधिवक्ता उनकी प्राथमिकता में हैं। आजादी की लड़ाई में अधिवक्ताओं ने प्रैक्टिस रोक कर देश को पूरा समय दिया था। उनके मन में नेशन फर्स्ट था। आज मोदी जी भी नेशन फर्स्ट के अभियान को लेकर चले हैं। एक तरफ नेशन फर्स्ट तो दूसरी तरफ फैमिली फर्स्ट वाले लोग हैं। आज विरासत, सुरक्षा, सम्मान, विकास और गरीब कल्याण के कार्य हो रहे हैं। हमारा अधिवक्ता समुदाय लड़ते–लड़ते थक जाता था, लेकिन अयोध्या का फैसला नहीं आ पाता था। अब तो वहां मंदिर भी बन गया है। काशी में आप कुछ और भी कर रहे हैं। काशी की देखादेखी अब मथुरा में भी आगाज हो गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुशासन के लिए कानून का राज और सुरक्षा पहली शर्त है। हम एक–दूसरे के पूरक हैं। विधायिका के द्वारा बनाए गए अधिनियम को अधिवक्ता समुदाय प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का कार्य करता है। अपनों से पीड़ित व्यक्ति परिवार के सदस्य के कहने पर हस्ताक्षर नहीं करता है, लेकिन अधिवक्ता जहां भी कह दे, वहां हस्ताक्षर कर देता है। आप और आपकी यूनिफॉर्म विश्वास का प्रतीक है। पीड़ित को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता सराहनीय और अभिनंदनीय है। गरीब से लेकर समाज के हर तबके को न्याय दिलाने के आपके प्रयास से लाखों लोगों को नया जीवन मिलता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता समाज का प्रबुद्ध वर्ग है। इस वर्ग ने देश की ज्वलंत समस्याओं से खुद को कभी अलग नहीं किया, बल्कि चुनौतियों से डटकर मुकाबला करने के लिए सदा अग्रिम पंक्ति में खड़ा रहा। अधिवक्ता समुदाय देश की आजादी की लड़ाई के अग्रिम पंक्ति में था। उन्होंने देश और दुनिया में अच्छी डिग्री ली, लेकिन लगा कि अधिवक्ता पेशा ही सब कुछ नहीं हो सकता तो अच्छी प्रैक्टिस रखकर देश की आजादी के आंदोलन में कूद पड़े, तब आजादी कोसों दूर थी, लेकिन उन्होंने नेशन को फर्स्ट रखा। आजादी की लड़ाई में लड़ने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, भीमराव आंबडेकर और मालवीय जी भी अधिवक्ता थे।'

मुख्यमंत्री ने बताया कि चौरीचौरा में गोरखपुर के क्रांतिकारियों को फांसी दी गई थी तो उनकी पैरवी के लिए कई घंटों तक मालवीय जी खड़े रहे और कइयों को फांसी के फंदे से बचाया। देश की हर चुनौती के लिए अधिवक्ता समुदाय खड़ा रहा, इसलिए लोकतंत्र के महापर्व में भी अधिवक्ता समुदाय पीछे नहीं रह सकता। दस वर्ष में आपने बदलती काशी, भारत और सात वर्ष में नए उत्तर प्रदेश को देखा है। इसका श्रेय काशीवासियों को जाता है, क्योंकि आपने मोदी जी को प्रतिनिधि के रूप में चुनकर संसद में भेजा। इस बदलाव का लाभ न केवल काशी, उत्तर प्रदेश, बल्कि देश–दुनिया ले रही है। दुनिया में संकट आता है तो दुनिया भारत–मोदी की तरफ देखती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंट स्टेशन से काशी विश्वनाथ धाम तक देश का सबसे बड़ा रोपवे काशी में बन रहा है। यह कार्य इस वर्ष के अंत तक हो जाएगा। प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु इसका प्रयोग करेंगे। काशी की सड़कों से लेकर गलियों के अंदर तक विकास हुआ। झूलते तारों से मुक्ति हुई। काशी के घाटों का सुंदरीकरण हुआ तो गंगा जी अविरल और निर्मल हुई। न केवल सड़क, रेलवे, अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट व वॉटरवे के रूप में काशी से हल्दिया तक जुड़ना दिखाता है कि काशी हर कनेक्टिविटी का केंद्र बना है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम बन गया। पहले यहां 50 श्रद्धालुओं के आने पर परेशानी होती थी, आज 50 हजार श्रद्धालुओं के साथ आने पर भी दिक्कत नहीं होती। एक दिन में 10–10 लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं। इससे नाव, टैक्सी, होटल, रेस्टोरेंट, प्रसाद वालों समेत हर तबके के लोगों का विकास होता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि काशी के बारे में लोगों की धारणा बदली है। नव्य–दिव्य काशी में आए लोग अभिभूत होकर जाते हैं। 2017 के पहले काशी में रंगदारी आम बात थी। माफिया हावी थे, हर काम में उनका हस्तक्षेप रहता था। व्यापारी नंदकिशोर रुंगटा का अपहरण कर फिरौती लेकर उन्हें मारकर फेंक दिया जाता था। आतंकवाद के सामने देश और प्रदेश की सरकार माफिया के आगे घुटने टेक चुकी थी। अब भारत और उप्र में हुए परिवर्तन के वाहक आप हैं, क्योंकि आपने भाजपा व मोदी को समर्थन दिया। सरकार जो भी दे रही है, वह हमारी ड्यूटी और समाज के हर तबके का संरक्षण करना हमारा दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें भी न्याय के लिए अधिवक्ता के पास जाना पड़ता था। उनके चौंबर को देखकर लगता था कि यह दूसरों के लिए लड़ते हैं, लेकिन सुविधा के अभाव में ही काम करते हैं। चौंबर में ही दिन में ही सूरज और चांद दिखाई देते थे, फिर भी मौसम की परवाह किए बिना अधिवक्ता काम करते थे। फिर हमने कहा कि यदि कोर्ट का भवन बनेगा तो अधिवक्ता के चेंबर को भी इससे जोड़ा जाए। बेंच और बार में संतुलन होना चाहिए। अधिवक्ताओं के चेंबर निर्माण के लिए भी सरकार ने धनराशि उपलब्ध कराई। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नाम पर विश्व स्तरीय लॉ यूनिवर्सिटी बना रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वह देश के लिए मानक बने। वहां से अच्छे अधिवक्ताओं की टीम पैदा करें।मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान में किए गए प्रदेश सरकार के कार्यों को भी गिनाया। बोले कि अधिवक्ता निधि को हमने डेढ़ लाख से पांच लाख कर दिया। कॉपर्स फंड को 500 करोड़ रुपये कर दिया है। इसके ब्याज से ही अधिवक्ताओं को कोई समस्या नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2751 आश्रितों को 127 करोड़, 81 लाख 50 हजार का भुगतान कर चुके हैं। वर्तमान में सहायता के लिए 456 आवेदन आए हैं। इनके 22 करोड़ 26 लाख रुपये जल्द ही अकाउंट में भेजे जाएंगे। 336 नए आवेदन आए हैं, इनके लिए 16 करोड़ 80 लाख रुपये स्वीकृत हो चुके हैं। 2017–18 से अब तक 3505 अधिवक्ताओं को 66 करोड़, 45 लाख 89 हजार926 रुपये का भुगतान कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता सामाजिक सुरक्षा निधि योजना के अंतर्गत मृत्यु दावे के रूप में 2017–18 से अब तक 1872 मृतक अधिवक्ताओं के आश्रितों को 14 करोड़, 75 लाख 22 हजार 112 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। 3758 युवा अधिवक्ताओं को तीन वर्ष के लिए पुस्तक–पत्रिका आदि क्रय के लिए एक करोड़ 60 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत कर उपलब्ध कराई जा चुकी है। चौंबर निर्माण के लिए झांसी, वाराणसी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, देवरिया, बलरामपुर, गोरखपुर में पैसा रिलीज कर दिया है। प्रयागराज को 11.31 करोड़, कासगंज को 5.25 करोड़, लखनऊ को 4.88 करोड़, श्रावस्ती को 4.85 करोड़ अवमुक्त कर चुके हैं। प्रयागराज उच्च न्यायालय में 10 हजार अधिवक्ताओं के बैठने के लिए मल्टीलेवल पार्किंग कम एडवोकेट चौंबर बनाने की कार्रवाई प्रारंभ की है। इसके लिए 608 करोड़ रुपये स्वीकृत किया है। सम्मेलन में प्रदेश सरकार के मंत्री रविंद्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, डॉ. अवधेश सिंह, द सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुरलीधर सिंह, महामंत्री सुरेंद्र नाथ पांडेय, द बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश सिंह, महामंत्री कमलेश सिंह, कमिश्नरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविशंकर त्रिपाठी, सेल टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद राम त्रिपाठी, इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीप्रकाश गुप्ता, बार कौंसिल सदस्य हरिशकंर सिंह, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, विनोद कुमार पांडेय, प्रशांत सिंह अटल आदि मौजूद रहे।

# दस वर्ष पहले काशी ने जो सपना देखा था आज वह हकीकत बन गया हैः मुख्यमंत्री योगी'




वाराणसी लखनऊ आज काशी का मंत्र पूरे देश में गूंज रहा है। काशी ने ही फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। आज जो काशी सोचती है वही पूरा देश सोचता है। अत्यंत प्राचीन शहरों में शुमार काशी 70 वर्षों तक उपेक्षा का दंश झेलती रही। वहीं पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी की काया बदल गयी है। आज काशी का पुराना वैभव लौट आया है। यहां के घाटों पर 24 घंटे उत्सव का माहौल रहता है, जबकि पहले इनका अस्तित्व खत्म कर दिया गया था। काशी की गलियों में तारों का जंजाल दुर्घटना को आमंत्रित करता था। वहीं 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के साथ काशी की भी तस्वीर बदल दी है। कांग्रेस के समय में यहां आतंकी घटनाएं घटित होती थीं। पूछने पर कांग्रेस बेशर्मी से कहती थी कि आतंकी सीमा पार के हैं, जबकि आज देश में कहीं पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देने लगता है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से ही हो पाया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वाराणसी लोकसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रिकार्ड तोड़ मतों से विजयी बनाने की अपील की।मुख्यमंत्री = योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पावरफुल हुआ है। देश में जहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। वहीं काशी में देश के सबसे बड़े रोपवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वर्ष के अंत तक कैंट स्टेशन से बाबा विश्वनाथ धाम के लिये शुरू हो जाएगा। इसके जरिये प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालु काशी की यात्रा कर सकेंगे। आज काशी वर्ल्ड क्लास हाईवे, रेलवे और इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जुड़ चुका है। वॉटरवे भी वाराणसी से हल्दिया के बीच में शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 10 वर्ष पहले जो सपना काशी ने देखा था, आज वह हकीकत बन गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने काशी के अस्सी घाट से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। आज काशी के घाट जगमगाते हुए दिखाई देते हैं। पहले काशी में अगर कोई कैंसर से पीड़ित होता था तो उसे मुंबई जाना पड़ता था। वहीं आज मुंबई का टाटा सुपर स्पेशलिटी कैंसर हॉस्पिटल यहीं आ चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जहां काशी विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर माफियाओं की राम नाम सत्य की यात्रा निकल रही। आज पूर्वांचल सहित पूरा प्रदेश माफिया मुक्त हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा सरकार में माफियाओं ने भाजपा के विधायक कृष्णानंद राय, उमेश पाल, राजू पाल और रमेश पटेल की हत्या कर दी। वहीं हमने इन माफियाओं को मिट्टी में मिला दिया है। यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। कांग्रेस तो सिर्फ देश की भावना के साथ खिलवाड़ करती आयी है। अब यह अनुसूचित जाति और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगाकर मुसलमानों को देना चाहते हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग देश में विरासत टैक्स और पर्सनल लॉ लागू करना चाहते हैं। यह लोग देश में शरिया कानून लागू करना चाहते हैं, लेकिन उनको यह नहीं पता कि भारत शरिया कानून से नहीं बल्कि बाबा साहेब के संविधान से चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साफ साफ कर दिया है कि देश सिर्फ और सिर्फ संविधान से ही चलेगा। यहां कोई दूसरा कानून लागू नहीं करने देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र में अल्पसंख्यकों को खान–पान की छूट देने की बात कही गयी है। यह लोग अल्पसंख्यकों को गोमांस खाने की छूट देना चाहते है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे क्योंकि गाय हमारी माता है। देश की जनता भी कांग्रेस की नियत को समझ गयी है। ऐसे में वह एक स्वर में कहते हैं कि जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। इतना ही नहीं देश की जनता जर्नादन ने एनडीए को 400 से अधिक सीटें जीताने का संकल्प ले लिया है, जिसे सुनकर इंडी गठबंधन को चक्कर आने लगते हैं।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, जयवीर सिंह, विधानसभा प्रभारी अशोक मिश्रा, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री अजय सिंह मुन्ना, प्रवीण सिंह गौतम, अरविंद सिंह पटेल, डॉ. सुजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# इंडिया गठबंधन पूरे पूर्वांचल में भाजपा का सफाया कर रहा –अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस) । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज गाजीपुर में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अफजाल अंसारी और चंदौली से इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर भारी मतों से जिताने की अपील की।

अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्वांचल की हवा पश्चिम से भी तेज चल रही है। इंडिया गठबंधन पूरे पूर्वांचल में भाजपा का सफाया कर रहा है। पूर्वांचल में समाजवादी पार्टी के पक्ष में रिकार्डतोड़ जन समर्थन देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास डगमगा गया है। उन सबकी जुबान भी लड़खड़ा रही है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी बातें और पुराने डॉयलाग अब कोई नहीं सुनना चाहता है। भाजपा नेताओं के झूठ और झूठी बातों को जनता ने नकार दिया है। पूर्वांचल में इंडिया गठबंधन के समर्थन में हवा की रफ्तार देखकर भाजपा के दिल्ली और लखनऊ से आने वाले नेता थर्रा रहे हैं। उनके समझ में कुछ नहीं आ रहा है। चार सौ पार का नारा देने वाली भाजपा चार सौ सीटे हार रही है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की हर बात झूठी निकली। इनके हर वादे झूठे निकले। भाजपा सरकार ने दस साल में कोई विकास नहीं किया। आज किसान, नौजवान दुःखी है। भाजपा ने किसानों, नौजवानों को धोखा दिया। आय दुगनी करने का वादा किया था लेकिन तीन काले कानून लाकर किसानों की फसल और जमीन हड़पने का षडयंत्र किया। किसानों ने आंदोलन किया। एक हजार किसान शहीद हुए। भाजपा ने किसानों को अपमानित किया। किसानों के संघर्ष का नतीजा रहा कि भाजपा सरकार को काले कानून वापस लेना पड़ा।अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। किसानों की फसलों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। भाजपा सरकार ने दस साल में अपने चहेते उद्योगपतियों का 25 लाख करोड़ रूपये का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज नहीं माफ किया। कर्ज और गरीबी के कारण पिछले दस साल में एक लाख से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या कर ली। भाजपा सरकार ने किसानों की कोई मदद नहीं की। कहा कि इस सरकार ने किसानों के साथ ही नौजवानों से भी छल और विश्वासघात किया। हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन न नौकरी दिया और न रोजगार दिया। इस चुनाव में नौजवान भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगा। भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के दस पेपर लीक हो गये। सरकार युवाओं को नौकरी, रोजगार नहीं देना चाहती है। इसीलिए जानबूझकर पेपर लीक करा दिये। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने नौजवानों की नौकरी तो छीनी ही साथ में एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। सरकार ने अग्निवीर योजना लागू करके सेना की नौकरी आधी–अधूरी कर दी। इंडिया गठबंधन के हम लोग अग्निवीर योजना स्वीकार नहीं करेंगे। इसे खत्म कर देंगे। अग्निवीर योजना में नौजवानों को शहीद का दर्जा नहीं मिलता और न सुविधाएं मिलती है। भाजपा सरकार ने दस सालों में महंगाई बहुत बढ़ा दी। सब चीजों के दाम महंगे हो गये। पढ़ाई, लिखाई, दवाई इलाज सब महंगा कर दिया। साइकिल से लेकर मोटरसाइकिल तक सब महंगा है। जरूरत का हर सामान, डीजल, पेट्रोल, खाद, बीज, कीटनाशक सब महंगा कर दिया। इस सरकार ने किसानों, नौजवानों, व्यापारियों सभी को मजबूर किया। डीएपी खाद लेने के समय नैनो यूरिया लेने पर मजबूर किया। नैनो यूरिया से कोई फायदा नहीं हुआ। अब पता चला कि अन्य उद्योगपतियों की तरह नैनो यूरिया का मालिक भी देश छोड़ कर भाग गया। भाजपा सरकार ने खेती किसानी, व्यापार सब चौपट कर दिया। भाजपा की गलत नीतियों के कारण काम धंधा बर्बाद हो गया। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने गरीबों को मिलने वाले राशन के साथ भी खेल किया। लोगों को घटिया राशन मिला। समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन की सरकार अच्छी गुणवत्ता के साथ दोगुना राशन देगी। राशन के साथ पैकेट का पौष्टिक आटा के साथ मोबाइल चलाने के लिए मुफ्त डाटा देगी। कहा कि भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार में चलाई गयी 108 एम्बुलेंस सेवा बर्बाद कर दी। अस्पतालों में दवाई इलाज नहीं है। डायल 100 सेवा भी खराब कर दी। समाजवादी सरकार पूर्वांचल के विकास के लिए विकास की विशेष योजना चलायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हार स्वीकार कर चुकी है। उनको पता है कि चार जून बाद उनकी सरकार नहीं बनेगी। इसलिए उनकी भाषा बदल गयी है। वे विकास, महंगाई, बेरोजगारी की बात नहीं करते है। चार जून के बाद सरकार भी बदलेगी, मंत्रिमंडल भी बदलेगा। अन्याय और अत्याचार खत्म होगा

# माफिया मिट्टी में मिले तो यूपी में आने लगा लाखों करोड़ का निवेश – योगी आदित्यनाथ'



गाजीपुर लखनऊ(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी से माफिया का सफाया करने के बाद अब प्रदेश में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ सोमवार को मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की पावन धरा को कोटि कोटि नमन करते हुए कहा कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए स्वर्गीय कृष्णानंद राय जी के बहुत से सपने थे। यहां के विकास को लेकर वह अत्यंत चिंतित रहते हैं और लगातार प्रयास करते थे। मगर, जब भी कृष्णानंद राय जैसा कोई जनप्रतिनिधि विकास के लिए कोई प्रयास करता था सपा के लोग ऐसे नेताओं को माफियाओं की भेंट चढ़ा देते थे। इन लोगों ने स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्या पर संवेदना व्यक्त करने की जगह हत्यारों को संरक्षण दिया और आज माफिया के मरने पर मातम मनाने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय कृष्णानंद राय के साथ ही श्याम शंकर राय जी, रमेश राय जी, रमेश पटेल जी, मुन्ना यादव जी सहित अन्य लोगों को बर्बरता के साथ मारा गया था। तब प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। ये दोनों जब भी मिलते हैं तब अनर्थ होता है। हमें फिर से कोई अनर्थ नहीं होने देना है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस को ये बताना चाहिए कि मुन्ना यादव, रमेश पटेल जिनकी मुख्तार जैसे माफिया ने हत्या की थी, क्या वो पिछड़ी जाति के नहीं थे। प्रयागराज में पूजा पाल के पति राजू पाल और जया पाल के पति उमेश पाल क्या पिछड़ी जाति के नहीं थे। उनका संकल्प भाजपा के जनप्रतिनिधियों को, गरीब के बेटों को मारने का था तो हमारा भी संकल्प था कि माफिया को मिट्टी में मिलाकर रहेगे।

श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें गौरव की अनुभूति होनी चाहिए कि आज हम एक ऐसे माहौल में जी रहे हैं, जिसकी कल्पना देश के प्रथम स्वातंर्त्य सेनानी मंगल पांडेय, चित्तू पांडेय ने की थी। विकास की जो तड़प पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चंद्रशेखर जी में थी और मोहम्मदाबाद के विकास के लिए चिंतित रहने वाले स्वर्गीय कृष्णानंद राय के सपनों को साकार करने का प्रयास मोदी जी कर रहे हैं। आज पूरे देश में जहां कहीं भी हम जाते हैं लोगों के मन में एक ही भाव और संकल्प है। जनता कह रही है कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार। ये सुनकर सपा को चक्कर आने लगता है। क्योंकि ये 60–62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इन लोगों ने यादवों को भी टिकट दिया तो केवल अपने परिवार वालों को। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने निरहुआ को मुम्बई से लाकर आजमगढ़ की जिम्मेदारी दी। उनके सांसद बनने के बाद आजमगढ़ में एयरपोर्ट, विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और संगीत महाविद्यालय बन गया। अच्छे लोग चुनकर आते हैं तो विकास भी अच्छा होता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस अपने मेनिफेस्टो में कहती है कि वह सत्ता में आएगी तो पर्सनल लॉ लागू करेगी। इसका मतलब बेटी स्कूल नहीं जा पाएगी, महिलाएं बाजार नहीं जा पाएंगी, तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से लागू करेंगे। मगर, हम हिन्दुस्तान को शरियत से नहीं चलने देंगे, यहां तालिबानी शासन नहीं होने देंगे। कांग्रेस कहती है कि वह सत्ता में आए तो विरासत टैक्स लगाएंगे, यानी आपके पूर्वजों की संपत्ति का सर्वे कराएंगे और उसमें से आधी संपत्ति पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के मुसलमानों में बांट देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है। आज तो कोई सभ्य मुसलमान भी अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसने अपने बाप को कैद करके पानी के लिए तरसाया और अपने भाई की हत्या की। औरंगजेब ने जजिया कर लगाया था, वह कहता था कि मुसलमान बनो या जजिया दो।

# 'बेटियों और महिलाओं को घरों में कैद करने की साजिश कर रहा इंडी गठबंधनः मुख्यमंत्री'

मऊ लखनऊ(आरएनएस) । इंडी गठबंधन से सावधान रहने की जरुरत है, क्योंकि ये कहते हैं कि सत्ता में आएंगे तो विरासत टैक्स लगाएंगे। इनका यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। ये कहते हैं कि सत्ता में आने पर पर्सनल लॉ लागू करेंगे यानी यह देश में तालिबानी और शरिया कानून लागू करना चाहते हैं। यह बेटियों और महिलाओं को घर में कैद करने की साजिश कर रहे हैं, लेकिन इन्हें ये नहीं पता कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। हम देश में फिर से तीन तलाक की कुप्रथा को शुरू नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष में दुनिया में देश और भारत के हर नागरिक का सम्मान बढ़ा है। ऐसे में पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मऊ की घोसी लोकसभा क्षेत्र के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की।मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्ष में देश की तकदीर बदली है। अब देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण है। देश में चारों ओर विकास के बड़े–बड़े कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा मोदी जी के नेतृत्व में गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। देश में 80 करोड़ गरीबों को फ्री में राशन की सुविधा दी जा रही है। 60 करोड़ गरीबों को आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय का निर्माण किया गया है। यह सब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन से हो पाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 4 जून के बाद देश के 70 वर्ष से ऊपर के हर बुजुर्ग को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सोच नकारात्मक है। यह प्रभु श्री राम के साथ देश के भी विरोधी हैं। यह लोग दलितों और पिछड़ों के हक पर डकैती डालते हैं। अब इनकी नजर ओबीसी जाति के आरक्षण पर है। यह कहते हैं कि ओबीसी आरक्षण में सेंध लगाकर मुसलमानों को देंगे, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। यह ओबीसी जाति के लोगों का अधिकार है और इस अधिकार को हम छीनने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता। यह धर्म के आधार पर एक बार फिर देश को विभाजित करना चाहते हैं।

# अज्ञात वाहन ने आटो को मारी टक्कर,एक की मौत दो घायल

गोसाईगंज सुलतानपुर(आरएनएस )। स्थानीय थाना क्षेत्र के टांडा बांदा राजमार्ग पर इनायतपुर पेट्रोल पंप के पास ऑटो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक की मौत दो बुरी तरह घायल हो गए। रविवार को थाना क्षेत्र के पकडीपुर कसमऊ निवासी बंसीलाल (50)पुत्र बुधई अपने बहू काजल (25) के साथ ऑटो से सुल्तानपुर किसी काम से जा रहे थे। टांडा बांदा मार्ग पर इनायतपुर पेट्रोल पंप के पास ऑटो को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो के ड्राइवर श्यामलाल वर्मा पुत्र पारसनाथ सहित तीनों लोग पूरी तरह घायल हो गए। टक्कर देखकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने घर वालों को सूचना दी ।घर वाले ने मौके पर पहुंचकर तीनों लोगों को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने बंसीलाल को मृत घोषित कर दिया। बहू काजल और ऑटो चालक श्यामलाल का इलाज मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में चल रहा है। दोनों का हालात गंभीर बताई जा रही है। थाना अध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया सुबह घटना की जानकारी मिली है, मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में बंसीलाल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

दोस्तपुर सुल्तानपुर(आरएनएस )। ईट लदी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही करते हुए ट्रैक्टर को हिरासत में के लिया।

रविवार स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सहिनवा निवासी राज पत्ती चौहान (65)अपने पुत्र के नव निर्मित मकान ताजुद्दीन पुर के पास रविवार की सुबह बैठी थी। तभी बाबा ईंट भट्ठा से ईंट लदी टैक्टर नाबालिग चालक राजपत्ती चौहान के ऊपर चढाध कर टैक्टर छोड़ फरार हो गया। वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना पर परिजन घटना स्थल पहुंच कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टैक्टर को थाने ले गई व शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पुत्र राम किसन की तहरीर पर अज्ञात नाबालिग चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।घटना से परिवार में कोहराम मच गया।प्रभारी निरीक्षक दोस्तपुर राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज कर मृतका के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# लोकसभा चुनाव के बाद शुरू हुआ गुणा गणित का खेल

सुल्तानपुर(आरएनएस )। संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में वैसे तो 09 प्रत्याशी मैदान में थे। लेकिन चुनाव के दिन भाजपा व गठबन्धन प्रत्याशी में सीधी लड़ाई दिख रही है। बसपा के कुछ मतदाता संविधान बचाने के लिए गठबन्धन के पक्ष में मतदान करने की बात सामने आ रही है। बता दे कि लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण को साधते हुए सपा व बसपा ने भाजपा के माने जाने वाले मतों पर चोट पहुंचाने के लिए प्रत्याशियो को चुनाव मैदान में उतारा। बसपा ने जहा राजनीति के नए खिलाड़ी मौजूदा जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर जातिगत समीकरण साधने की कोशिश की थी तो वही इंडिया गठबंधन से सपा खाते में गई सीट से सपा ने राजनीति के मझे खिलाड़ी कई बार चुनाव लड़ चुके राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा। भाजपा से ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व आठ बार लोकसभा पहुंचने वाली मेनका संजय गांधी को मैदान में उतारा। सम्पन्न हुए चुनाव में जहा भाजपा प्रत्याशी ने जिले भर में लगभग साढ़े चार सौ से अधिक नुक्कड़ सभा व कई जनसभा कर जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर विकास के बल पर हर बिरादरी के मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। तो वही विपक्षी पार्टियां केवल जातिगत समीकरण को साधते हुए पार्टी के परंपरागत मतों व बिरदारी के लोगो तक ही चुनाव प्रचार को सीमित रखा। भीषण गर्मी की चुनावी तपिश में मतदाताओं ने प्रत्याशियो के भाग्य का फैसला तो ईवीएम में कैद कर दिया। जिसका परिणाम 04 जून को देखने को मिलेगा।

# समर्थको की नजर में उनके प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित

सुल्तानपुर(आरएनएस )। लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद राजनितिक पार्टियों के समर्थक अपने अपने प्रत्याशी की जीत निश्चित बता रहे है। पूरे चुनाव में जातिगत समीकरण हावी रहा। मतदाता अपने बिरादरी के प्रत्याशी को तो मतदान किए ही है साथ ही संविधान बचाने के चुनावी स्टंट का भी फायदा गठबंधन को मिलता दिखाई दे रहा है। वही भाजपा की बात करे तो उसे परंपरा गत मतों के साथ हर बिरादरी का मत मिला है हो सकता है कही कम हो या ज्यादा लेकिन प्रत्याशी के जातिगत समीकरण को तोड़ते हुए विकास के मुद्दे को तरजीह मतदाताओ ने दी है। वही मतदाता जिसको मतदान किया है उसी की जीत निश्चित बता रहा है।रविवार सुबह से ही गांव, गली,चौराहों पर मतदाता गुणा गणित लगाने में जुट गए है तो वही प्रत्याशी चुनाव खत्म होने के बाद अपने अपने घरों में आराम कर रहे है।

# बाबू बालेश्वर लाल थे एक महामानव – सुरेश पाठक

## -ग्रापए संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की मनाई गयी 37वी पुण्यतिथि

अयोध्या (आरएनएस)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की 37वी पुण्यतिथि प्रेस क्लब सिविल लाइन अयोध्या में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार, वकील व समाजसेवी शामिल हुए और सबने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल द्वारा रोपित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपी बट वृक्ष आज प्रदेश में संख्या बल पर पत्रकारों का सबसे बड़ा संगठन उभर कर सामने आया है! ऐसे महान आत्मा को शत–शत नमन और श्रद्धांजलि अर्पित की गई! अध्यक्षता देवबक्श वर्मा व संचालन सुनील कुमार सिंह ने किया!

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुरेश पाठक ने कहा कि स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल एक महामानव थे। उन्होंने 1982 में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपी नीव डाला उनकी सोच आज चरितार्थ हो रही है। आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का सदस्य बताने में गौरव महसूस हो रहा है उन्हीं की देन है कि आज पत्रकार प्रशासन स्थाई समन्वय समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का एक सदस्य रहता है। उनके द्वारा लगाए गए बट वृक्ष की देखरेख करने की जिम्मेदारी हम लोगों की है। अन्य संगठनों में बिखराव हो रहा है किंतु ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लोग एक जड़ता दिखाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। ग्रापए के जिलाध्यक्ष देवबक्श वर्मा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल का जन्म पहली जनवरी 1930 को हुआ था और उन्होंने 8 अगस्त 1982 को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपी वट वृक्ष को आरोपित किया था जो आज पूरे प्रदेश में ही नहीं कई प्रदेशों में फैल चुका है। उन्होंने पहला सम्मेलन लखनऊ की धरती पर कराया था किंतु दुर्भाग्य की बात है कि 27 मई 1987 को हमें छोड़कर चले गए उसके बाद संगठन की बागडोर उनके ज्येष्ठ पुत्र सौरभ कुमार ने संभाला और उनके नेतृत्व में आज संगठन आगे बढ़ रहा है। आज हमारी जिम्मेदारी है कि उनके द्वारा आरोपित वट वृक्ष की देखरेख करें और आगे बढ़ाएं उन्हीं की देन है कि स्थाई समिति में एक सदस्य होता है। विपिन कुमार मिश्रा महामंत्री बार एसोसिएशन अयोध्या फैजाबाद व मंत्री ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने कहा कि आज ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन रूपी वट वृक्ष जितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और एक जुटता दिखा रहा है अन्य संगठनों में उतना ही बिखराव देखने को मिल रहा है। श्रद्धांजलि सभा को सुनील कुमार सिंह, हृदय राम मिश्र, दयाशंकर मौर्य, अवधा राम यादव, , कैलाश बिहारी पाठक, अवधेश प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, कुमकुम भाग्य, रामनाथ शर्मा, अशोक कुमार वर्मा, राजेश कुमार पांडे, अवनींद्र कुमार सिंह, दुर्गेश कुमार सिंह, कर्मवीर सिंह आदि ने संबोधित किया।

# किसान महापंचायत को लेकर भाकियू ने बनाई रणनीति

सोहावल–अयोध्या (आरएनएस)। भारतीय किसान यूनियन वि0ख0 ईकाई सोहावल के प्रमुख पदाधिकारियों की पंचायत ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम शंकर वर्मा की अध्यक्षता में हनुमान मंदिर अरकुना बाजार में संपन्न हुई जिसमें 6 जून को जनपद मुख्यालय पर होने वाली किसान महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने की रणनीति बनाई गई।पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि जनपद के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और किसानों मजदूरों की समस्याओं का नजरअंदाज कर रहे हैं जिसके कारण किसान व मजदूर काफी परेशान है इसलिए जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत करनी जरूरी हो गया है।

# पुलिस की नाकामी को साबित करती "मंगलम फैशन" में हुई चोरी

सुलतानपुर(आरएनएस )। मंगलम फैशन धवन टावर शाहगंज में स्थित है। 25 मई 2024 को 38 लोकसभा सुल्तानपुर में चुनाव संपन्न हुआ। इसी रात में तीसरी बार चोरो ने निशाना बनाते हुए दुकान में लगे एसी के बाहरी आउटर पाइप और केबल को रात्रि के लगभग 1.30 बजे काटकर उठा ले गए और एसी के आउटर को भी उखाड़ने का प्रयास किए। चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस संबंध में दुकान मालिक अमित त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि चोरी की ये पहली घटना नहीं है, चोरों द्वारा पूर्व में भी कई बार ऐसी घटना की जा चुकी है जिसकी पुलिस में लिखित शिकायत भी की गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने से चोरो के हौसले बुलंद हो गए और बार बार चोरी की घटना कारित की गई। आश्चर्य का विषय तो यह है कि मंगलम फैशन शहर की मिनी कोतवाली कही जाने वाली पुलिस चौकी शाहगंज से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित है। इससे साफ जाहिर होता है कि शाहगंज चौकी से महज 50 मी0 की दूरी पर भी चोरो को न तो सीसीटीवी का डर है न ही पुलिस का खौफ है। उनके द्वारा बताया गया कि घटना के संबंध में पुलिस चौकी शाहगंज में तहरीर दिया हूं। यदि पुलिस चाहे सीसीटीवी के आधार पर जल्द से जल्द घटना का पर्दाफाश कर सकती है । अब देखना ये है की इस मामले को पुलिस कितनी गंभीरता से लेती है । अगर तत्काल पुलिस कार्यवाही नहीं करती है तो दुकान पर बड़ी घटना होने की संभावना बनी है। इस संबंध मे चौकी प्रभारी शाहगंज से बात करने का प्रयास किया गया परन्तु उनसे संपर्क नहीं हो पाया। आए दिन होने वाली चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में काफी रोष है। पुलिस की निष्क्रियता से चोरों के हौसले बुलंद है और उनमें पुलिस का तनिक भी डर नहीं है। अगर शीघ्र इन चोरियों पर अंकुश नहीं लगता तो व्यापारी वर्ग एक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व पुलिस प्रशासन का होगा।

# अवध विवि की परीक्षाओं के वहिष्कार को लेकर प्रदर्शन करते साकेत महाविद्यालय के प्राध्यापक

## साकेत महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने विवि की परीक्षाओं का किया बहिष्कार

अयोध्या (आरएनएस)। का. सु. साकेत महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने 31 मई से शुरू हो रही डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के बहिष्कार का निर्णय लिया है। यह जानकारी साकेत महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में दी है। मुख्य नियंता का कहना है कि एक तरफ विश्वविद्यालय ने 23 मई से ग्रीष्म अवकाश घोषित किया हुआ है वहीं दूसरी तरफ 31 मई से परीक्षाओं की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म अवकाश के कारण कॉलेज के अधिकांश प्राध्यापक छुट्टियों में बाहर जा चुके हैं, ऐसे में परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराना बहुत ही मुश्किल होगा। डॉ. अनिल कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय ने परीक्षा समिति की बैठक में प्राचार्यों के विरोध के बावजूद परीक्षा तिथि घोषित की है, उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने ही शैक्षणिक कैलेंडर का पालन करने में अक्षम रहा है, ऐसे में जून की भीषण गर्मी में परीक्षाओं के आयोजन का निर्णय घोर अमानवीय और संवेदनहीन है। उन्होंने कहा कि कुलपति न प्राध्यापकों से मिलती हैं और न ही कोई संवाद करती हैं। अभी तक पिछले सेमेस्टर का रिजल्ट तक देने में विश्वविद्यालय अक्षम रहा है। पिछले तीन साल से भीषण गर्मी और सर्दी में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में प्राध्यापकों ने सहयोग किया है। नियमित मिलने वाले शीतावकाश और ग्रीष्मावकाश में भी परीक्षाओं का संचालन किया गया है। विश्वविद्यालय हर बार प्रतिकर अवकाश की बात करता है लेकिन कभी उसका पालन नहीं किया जाता। कठिन मौसम में छात्र–छात्राऐं तथा प्राध्यापक बीमार होकर वेहोश होते हैं तो कालेज प्रशासन अपने संसाधनों से उन्हें अस्पताल पहुँचाता है। विश्वविद्यालय कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है, ऐसे में परीक्षा बहिष्कार के अतिरिक्त प्राध्यापकों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। साकेत महाविद्यालय के सभी प्राध्यपकों ने आम सहमति से परीक्षा बहिष्कार का निर्णय लिया है। ऐसे में अगर कोई अवांछनीय घटना घटित होती है तो उसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार होगा। छात्र–छात्राओं से निवेदन है कि भविष्य में परीक्षा सम्बन्धी किसी भी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से सम्पर्क करें। महाविद्यालय के शिक्षकों का सुझाव है कि परीक्षा माह जुलाई, 2024 में करायी जाय, जिसमें सभी शिक्षक परीक्षा में सहयोग करेंगे।

विरोध करने वालों में प्रो. बी.डी. द्विवेदी, छात्र कल्याण अधिकारी, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, महामंत्री, शिक्षक संघ, प्रो. कविता सिंह, प्रो. पूनम जोशी, प्रो. वन्दना जायसवाल, प्रो. सुधीर राय, डॉ. आशीष विक्रम सिंह, प्रो. ओ.पी. यादव, अध्यक्ष, शिक्षक संघ, प्रो. समरेन्द्र सिंह, प्रो. कुमुद रंजन, प्रो. उमापति, डॉ. राजकुमार, डॉ. जनमेजय तिवारी, डॉ. प्रशान्त पाण्डेय, डॉ. सूरज, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. अंजू, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. संतोष कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवध विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, डॉ. संत लाल, मंत्री अवध विश्वविद्यालय, शिक्षक संघ, डॉ. अकबर मेंहदी मुजफ्फर, डॉ. ऋचा पाठक, डॉ. अनामिका माथुर, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. रमेश प्रताप सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. मुकेश पाण्डेय, डॉ. प्रभात श्रीवास्तव, डॉ अवधेश शुक्ला एवं डॉ. शशि कुमार शामिल थे।

# बड़ा दिखने की चाह बन रही टीनेज टोबैको यूज की राह – डा. आलोक

## -तम्बाकू की लत का है हैप्पी हार्मोन कनेक्शन, ई सिगरेट भी नही हानिरहित

अयोध्या (आरएनएस)। तम्बाकू मे पाया जाने वाला निकोटिन नामक पदार्थ पफ लेने या अन्य रूप में सेवन करने के कुछ सेकंड्स में ब्लड मे पहुंचकर ब्रेन के निकोटिन रिसेप्टार के माध्यम से हैप्पी हार्मोन डोपामिन व ऑक्सीटोसिन का श्राव बढ़ा देता है जिससे अच्छे मूड व उमंग की अनुभूति होती है। यह अनुभूति कुछ ही देर टिकने के कारण बार बार इसकी चाहत होती है और शुरू होती है तम्बाकू की लत या निकोटिन डिपेंडेंस। निकोटिन की मात्रा बढ़ने के साथ ही तलब की तीव्रता भी बढ़ती जाती है जिसे निकोटिन–टालेरेन्स कहा जाता है ।तम्बाकू की लत मे जाने के जेनेटिक, पैरेंट्स व पीयर प्रभाव, अवसाद या मनोरोग,अन्य नशा व युवा उम्र जैसे कारक प्रमुख हैं। नार्सिसिस्टिक पर्सनालिटी या बड़ा दिखने के मनोविकार से किशोरों मे बढ़ रही है टोबैको यूज डिसऑर्डर। यह बातें उदया पब्लिक स्कूल में आयोजित किशोर व्यक्तित्व विकार प्रबंधन कार्यशाला में डा आलोक मनदर्शन ने कही ।तम्बाकू का पारम्परिक प्रयोग स्मोकिंग व स्मोकलेस रूप में होता है । स्मोकर्स के आसपास के लोग भी स्मोक के परोक्ष शिकार होतें है जिसे पैसिव स्मोकर कहा जाता है । अब ई –सिगरेट भी काफी प्रचलन में है जिसमे सिन्थेटिक निकोटिन भाप होती है जिसे टोबैको फ्री निकोटिन या वेपिंग भी कहा जाता है। आज कल युवाओ मे इसका चलन काफी है ।ई सिगरेट पारम्परिक सिगरेट से कम हानिकार है पर यह भी हानिकारक ही है। तम्बाकू में अस्सी से ज्यादा कैंसरकारी तथा सैकड़ो अन्य हानिकारक तत्व होते है। फेफड़े, मुख ,गले,पेट व किडनी का कैंसर, मुख व दन्त रोग, हृदय रोग व आधात, डाइबिटीज,मोतियाबिन्द,मानसिक व मस्तिष्क रोग ,सांस रोग,नपुन्सकता व बांझपन, समय–पूर्व व कम–वजन प्रसव आदि प्रमुख तम्बाकू जनित दुष्प्रभाव हैं ।डीएडिक्शन ट्रीटमेन्ट रू तम्बाकू सेवन छोड़ने मे असमर्थ होने पर निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी बहुत ही कारगर है। इसमें सिंथेटिक निकोटिन च्युइंगम,टॉफी, पैच, स्प्रे या इन्हेलर के रूप में दिया जाता है जिससे निकोटिन न मिलने पर वाली मनोशारीरिक या विद्ड्राल समस्या नियंत्रित रहने के साथ ही ब्रेन को कॉग्निटिव थेरेपी के द्वारा स्वस्थ किया जाता है ।कार्यशाला की अध्यक्षता जीवेन्द्र सिंह व संयोजन निधि सिंहा ने किया।

# नेहरू के योगदान बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती रू राजेन्द्र प्रताप

अयोध्या (आरएनएस)। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 59वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने पार्टी कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वेद सिंह तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरूजी के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती. लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी, उनके प्रगतिशील विचारों ने चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू की विरासत हमेशा रहेगी.। पंडित नेहरू सच्चे समाजवादी और लोकतंत्र के प्रणेता थे।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा पंडित नेहरू एक महान स्वतंत्रता सेनानी तथा एक दूरदर्शी प्रधानमंत्री थे।वह एक ऐसे लोकतांत्रिक शख्स थे जिन्होंने हमारे गणतंत्र की नींव रखी। एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला व सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष शीतला पाठक तथा अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामसागर रावत ने कहा स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू दुनिया भर में सम्मानित राजनेता थे ।पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने सभी उत्तराधिकारियों के अनुसरण के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा तथा पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने कहा पंडित नेहरू भारत के विचार और स्वतंत्रता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और आधुनिकता के उन मूल्यों पर मशाल की तरह प्रकाश डालती रहेगी।

# उदयपुर एवं माउंट आबू की शैक्षिक यात्रा पर रवाना हुआ सी. एम.एस. छात्र दल

लखनऊ, 25 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस का 30 सदस्यीय छात्र दल 6–दिवसीय शैक्षिक यात्रा पर उदयपुर एवं माउंट आबू रवाना हुआ, जिसमें 27 छात्र व 3 शिक्षक शामिल हैं। छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षका सुश्री कविता आहूजा शर्मा कर रही हैं, जबकि शिक्षक श्री के.बी. सिंह एवं सुश्री शैली प्रकाश डेप्युटी टीम लीडर हैं। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी. एम.एस. छात्र प्रकृति की विशालता, व्यापकता व सौन्दर्य से तो परिचित होंगे ही, साथ ही माउंट आबू, उदयपुर व जयपुर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों जैसे नक्की लेक, माउंट आबू वाइल्डलाइफ सैंचुरी,



अरावली की पहाड़ियों, दिलवारा जैन मंदिर, लेक पिचोला, सिटी पैलेस, हवा महल, जंतर–मंतर आदि का भ्रमण करेंगे। यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र विभिन्न प्रख्यात मंदिरों, उद्यानों, झीलों आदि का भ्रमण करेंगे, साथ ही ट्रैकिंग व कैम्प भी करेंगे। सी.एम. एस. छात्रों की यह यात्रा उनके ज्ञान व व्यक्तित्व विकास में सहायक होगी, साथ ही विविधता में एकता का महत्व से भी रूबरू करायेगी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल अपने छात्रों को देश–विदेश की शैक्षिक यात्राओं में भाग लेने के अधिक से अधिक अवसर प्रदान कराता है। इस तरह की शैक्षिक यात्राओं का उद्देश्य भावी पीढ़ी का सामान्य ज्ञान बढ़ाना, स्वस्थ मनोरंजन तथा विश्वव्यापी दृष्टिकोण विकसित करना है। श्री शर्मा ने कहा कि आज दुनिया एक ग्लोबल विलेज का स्वरूप धारण कर चुकी है तथापि छात्रों को विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यता व विभिन्न विचारों से रूबरू कराकर उनके दृष्टिकोण को विश्वव्यापी बनाना आज की महती आवश्यकता है।

# स्वदेश न्यूज चौनल ने JK हॉस्पिटल ऑडिटोरियम में किया मेधावी छात्रो का सम्मान

ईर्ठ्‌ इपां ́प ईठढंर्क्ष ,झंरा ́दब्प ाप ?क्१ र्खों-?र्क्षी ́प इयर्खा ́ ईकपश्



25 मई 2024 भोपाल कार्यक्रम में अतिथिरूआर. पी. श्रीवास्तव मैनेजिंग एडिटर स्वदेश न्यूज ,हरिनारायणाचारी मिश्र पुलिस कमिश्नर भोपाल, श्री मनोज श्रीवास्तव पूर्व अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश ,डॉक्टर जेपी पालीवाल ,एसजीएसयू रजिस्टार सर. एलएनसीटी अनुपम चोकसे जी हरभजन जांगड़े संस्थापक संस्कार सेना , रोहित यादव मंडलोई राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ संस्कार सेना , अलका धुर्वे राष्ट्रीय सचिव संस्कार सेना ,अनुज यादव स्वदेश न्यूज अजय प्रताव सिंह एवं सैकड़ो मेधावी छात्र छात्राएं स्कूल प्राचार्य एवं परिजन माता–पिता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे 10वीं 12वीं कक्षा में 80: से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का किया सम्मान

# टीचर्स ओलम्पियाड में सी.एम.एस. शिक्षका ने इण्टरनेशनल प्रथम रैंक अर्जित कर बढ़ाया लखनऊ का गौरव

लखनऊ, 27 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल की शिक्षिका सुश्री शिल्पी अग्रवाल ने इण्टरनेशनल डिजिटल टीचर्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित किया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का




परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु सुश्री अग्रवाल को एक लाख रूपये के नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु सुश्री शिल्पी अग्रवाल को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है सी.एम.एस. शिक्षिका की यह उपलब्धि डिजिटल एजूकेशन के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को दर्शाती है। इस ओलम्पियाड का उद्देश्य शिक्षकों की शिक्षण प्रतिभा एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित एवं उत्प्रेरित करने के साथ ही उनके प्रदर्शन में गुणात्मक परिवर्तन लाना है। सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है।

# संपादकीय

## कारावास का तात्पर्य सुधारना

देश में चल रही खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किए जाने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। अर्धखुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन में परिसर से बाहर काम करके शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है।

अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल व पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार व प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, लागू नियमों, दिशा–निर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानून सेवा प्राधिकरण के साथ साझा करें।

खंडपीठ ने उल्लेख किया कि जेलों व कैदियों से संबंधित मामलों में न्याय मित्र वकील ने बताया कि केंद्र सरकार आदर्श मसौदा नियमावली के तहत खुले शिविरोंध्संस्थाओंध्जेलों का नाम खुले सुधारात्मक संस्थान किया गया है।

इन जेलों का मकसद न्यूनतम बंदिशों में कैदियों को समाज से तालमेल बिठाने व बाहर सामान्य जीवन जी कर मनोवैज्ञानिक दबाव कम करना है। सबसे बड़ी अदालत पहले भी कह चुकी है कि खुली जेलों की स्थापना जेलों में भीड़ का समाधान हो सकती है। इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का समाधान भी हो सकता है। जैसा कि इन जेलों में चुनिंदा कैदियों को रहने की इजाजत होती है। उनके आचरण व अनुसाशन पर सख्त नजर रखी जाती है।

जो कैदी तीन बार पैरोल पर जा चुके हों या जमानत से मिली अस्थाई रिहाई के दौरान उनके खिलाफ कोई शिकायत या अनुचित आचरण की कोई शिकायत न हो, उन्हें भी यहां रखा जाता है। जाहिर है, यह दोषियों के सुधार व उन्हें मौका देने का सकारात्मक तरीका है।

ऐसा करने से निरूसंदेह हालात बेहतर होंगे और जेल को उस तरह से परिभाषित नहीं किया जाएगा कि वहां जाने के बाद कैदी सुधरने के बजाय बिगड़ जाते हैं। इन क्षेत्रों को सीमित करने के पीछे सरकार की मंशा को भी समझना जरूरी है।

अपने यहां यूं भी जेलों में सीमा से बहुत ज्यादा कैदी होने के चलते व्यवस्थागत दिक्कतें आती रहती हैं। किसी भी दोषी या सजायाफ्ता को सुधार का मौका अवश्य दिया जाना चाहिए। कई बार देखने में आता है, अपराधियों को अपने कृत्य पर ग्लानि होती है और वे पक्षतावा भी करते हैं।

दूसरे, विचाराधीन कैदियों का भी मनोवैज्ञानिक तौर पर सहयोग होना जरूरी है। कारावास का तात्पर्य उन्हें सुधारना न हो, न कि जघन्य अपराधी बनने की तरफ धकेलना।

# कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस के हिन्दू विरोध की उग्रता

पश्चिम बंगाल ही नहीं, अन्य गैर–भाजपा सरकारों के प्रांतों में हिन्दुओं को प्रताड़ित करने के घटनाक्रम सामने आते रहे हैं। पश्चिम बंगाल में तो हिन्दुओं के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का उग्र और हिंसक प्रदर्शन होता रहा हैं।लोकसभा चुनाव के दो चरण शेष रहे हैं, चुनाव प्रचार चरम पर है। सभी राजनीतिक दल अपनी बढ़त बनाने के लिये कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण करने का प्रयास करते हुए राष्ट्र की एकता–अखण्डता एवं बहुसंख्यक हिन्दू धर्म विरोधी स्वरों को बुलंद किये हुए है और अपनी मर्यादाओं को भूल रहे हैं। विशेषतः इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एवं बाहर से समर्थन देने की बात करने वाले दल ऐसा दूषित प्रचार कर रहे हैं, जिससे न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हो रहा है बल्कि ऐसे दलों को राजनीतिक लाभ की बजाय नुकसान होने की संभावनाएं प्रबल हो रही है। इन चुनावों में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दल हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों–भगवानों–संतों एवं हिन्दू पर्वों से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाते रहे हैं जो हर रोज सामने आ रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी राजनीतिक जमीन बचाने के लिए और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए हिन्दू संतों को राजनीति में घसीटने की कोशिश की है। उन्होंने रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ से जुड़े संतों पर निशाना साधते हुए कहा है कि ये लोग भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। मुस्लिम तुष्टीकरण के लिये ओबीसी आरक्षण पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्णय पर कानून की धज्जियां उडाते हुए उंगली उठाई है। इस प्रकार कानून की अवमानना वह नेता ही खड़ी कर सकता है, जिसे एक खास वर्ग के वोट चाहिए। संतों को लेकर राजनीतिक टिप्पणी करना, निःसंदेह आपत्तिजनक है एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस हिन्दुओं को अपने ही देश में सेकेंड क्लास सिटिजन एवं अल्पसंख्यक बनाना चाहती है। मुस्लिम तुष्टीकरण की इन दलों की सोच एवं नीति न केवल उनके घोषणा–पत्रों में बल्कि उनके बयानों में स्पष्ट झलक रही है। सभी विपक्षी दलों ने मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति की है, राजनीतिक दलों का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। लेकिन लगातार जीत की ओर बढ़ रहे भाजपा को हराने के लिये इन दलों को मुस्लिम वोटों का ही सहारा नजर आ रहा है, जिसके चलते ये हिन्दू विरोध को प्रचंड किये हुए। ममता बनर्जी ने अपने शासन में मुस्लिमों को खुश करने एवं उनके वोटों को अपने पक्ष में करने के लिये हिन्दू विरोध का कोई मौका नहीं छोड़ा है। ममता ने रामकृष्ण मठ, मिशन और भारत सेवाश्रम संघ पर झूठा एवं भ्रामक आरोप लगाया है कि ये हिन्दू संगठन भाजपा के पक्ष में काम कर रहे हैं, जबकि इन संगठनों की ओर से एक बार भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान नहीं किया गया है। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में इस्लामिक संगठनों एवं चर्चों के द्वारा भाजपा के विरोध में किसी एक विशेष दल के पक्ष में मतदान करने के प्रकरण बार–बार सामने आये हैं। चुनावों को धार्मिक एवं साम्प्रदायिक रंग देने की इन विडम्बनापूर्ण स्थितियों पर आज तक ममता बनर्जी ने एक भी बयान नहीं दिया है। इसलिए भी कहा जा सकता हैं कि बिना किसी प्रमाण हिन्दू संतों पर निशाना साधने का अभिप्राय यही है कि ममता बनर्जी की निगाहें कहीं और है निशाना कहीं और है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ममता बनर्जी पर संतों को धमकाने का आरोप निराधार नहीं है। क्योंकि एक संत कार्तिक महाराज ने मुख्यमंत्री ममता को कानूनी नोटिस भेज कर कहा है कि ममता बनर्जी के बयान निराधार, झूठे और अपमानजनक है। पश्चिम बंगाल ही नहीं, अन्य गैर–भाजपा सरकारों के प्रांतों



में हिन्दुओं को प्रताड़ित करने के घटनाक्रम सामने आते रहे हैं। पश्चिम बंगाल में तो हिन्दुओं के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का उग्र और हिंसक प्रदर्शन होता रहा हैं। पिछले कुछ सालों से हमेशा यह देखा गया है कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता सत्ता पाकर भाजपा समर्थकों के साथ किस प्रकार का व्यवहार करते हैं। वर्ष 2021 में भी तृणमूल कांग्रेस के जीतने के बाद राज्य में बवाल हुआ था और पंचायत चुनाव जीतने के बाद भी उसके कार्यकर्ताओं ने हिंसक उत्पात मचाया था। उस समय भाजपा कार्यकर्ताओं के घरों को खोज–खोजकर हमले हुए थे। ऐसे स्थिति में और ऐसे कार्यकर्ताओं के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का हिन्दू संगठनों एवं धर्मगुरुओं के भाजपा के पक्ष में होने का बयान संतों के लिए जान तक का खतरा पैदा कर सकता है। ऐसा हुआ भी है, ममता बनर्जी के बयान के बाद कुछ हमलावर जलपाईगुड़ी स्थित रामकृष्ण मिशन के आश्रम में घुस गए। उन्होंने भिक्षुओं पर हमला किया, सीसीटीवी आदि तोड़े दिए। याद हो कि पश्चिम बंगाल की राजनीति में पहली बार संतों पर दोष लगाकर उनके खिलाफ माहौल बनाने का काम नहीं हुआ। मुस्लिम वोटों को आकर्षित करने के लिये इंडिया गठबंधन के दल विशेषतः कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस अल्पसंख्यकों को भी सपोर्ट नहीं कर पा रहे हैं। अल्पसंख्यकों में सिख, पारसी, यहूदी, जैनी, बौद्ध आदि धर्म आते हैं, लेकिन कांग्रेस एवं तृणमूल कांग्रेस सिर्फ और सिर्फ मुस्लिम परस्ती करते आई है। ओबीसी आरक्षण पर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने जिस तरह से कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्णय पर उंगली उठाई है, उससे तो यही लगता है कि राजनीतिक वोट बैंक के लिए संविधान की जितनी अवमानना की जा सकती है, वह की जाती रहेगी। सामनेवाले को घेरने के लिए उसी संविधान की आड़ भी ली जाएगी। ममता ने मुस्लिमों को ओबीसी सर्टिफिकेट देकर उन्हें तरह–तरह से लाभ पहुंचाने का षड़यंत्र किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी रैलियों में इंडी गठबंधन के सत्ता में आते ही एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को मुस्लिमों को देने की बात कह रहे हैं, वह भी इस घटना से साफ होता नजर आ रहा है। धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के खिलाफ है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 22 मई को पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द करने का आदेश दिया है। जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर की बेंच ने कहा कि 2011 से प्रशासन ने किसी नियम का पालन किए बगैर ओबीसी सर्टिफिकेट जारी कर दिए। इस तरह से ओबीसी सर्टिफिकेट देना असंवैधानिक है। यह सर्टिफिकेट पिछड़ा वर्ग आयोग की कोई भी सलाह माने बगैर जारी किए गए। इसलिए इन सभी सर्टिफिकेट को कैंसिल कर दिया गया है। हालांकि यह आदेश उन लोगों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें पहले नौकरी मिल चुकी या मिलने वाली है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम 1993 के आधार पर ओबीसी की नई सूची पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग तैयार करेगी। ममता बनर्जी सरकार से पहले वामपंथी शासन काल में भी हिन्दू संतों को माकपा की सरकार ने निशाना बनाया था।

# नई सरकार गठन पर पूरी दुनिया की नजर

भारत में अगले महीने की शुरुआत में सरकार गठन का काम संपन्न होगा जिस पर पूरी दुनिया की नजर है। भारत का भरोसेमंद दोस्त रूस चाहेगा कि नई सरकार की नीतियों में निरंतरता कायम रहे।

वहीं दूसरी ओर अमेरिका और पश्चिमी देश इस बात पर नजर रखेंगे कि अगला विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन बने। कहना न होगा कि एस. जयशंकर को लेकर पश्चिमी देश असहज हैं। लेकिन फिर भी उनका मानना है कि जयशंकर के साथ काम किया जा सकता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल उन देशों की आंखों में किरकिरी बने हुए हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को लेकर अमेरिका ने जो जाल बुना है उसका निशाना डोभाल ही हैं। यदि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो उनके सामने यह सवाल होगा कि नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार किसको बनाएं।

डोभाल की आयु करीब 80 साल है जो एनएसए के बड़े दायित्व को निभाने में बाधा बन सकती है। हालांकि उनके अनुभव और कार्यदक्षता को देखते हुए उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हो सकता है कि मोदी डोभाल को किसी अन्य दायित्व के साथ सलाहकार बनाए रखें तथा एनएसए के रूप में किसी अपेक्षाकृत कम आयु के व्यक्ति को नियुक्त करें। इस नई व्यवस्था में भी इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सरकार की नीतियों की धार बनी रहे। विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की नियुक्ति प्रायरू निश्चित है।

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में अमेरिका ने विदेश मंत्री नटवर सिंह को पद से हटाने के लिए दबाव डाला था। तत्कालीन सरकार ने कथित घोटाले के नाम पर नटवर सिंह को उनके पद से हटा दिया था। इस पूरे घटनाक्रम का उल्लेख स्वयं नटवर सिंह ने अपनी पुस्तक में किया है। दशकों पूर्व जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में पश्चिमी देशों ने कृष्ण मेनन को भी ऐसे ही निशाना बनाया था। लेकिन मोदी सरकार किसी दबाव में झुकेगी इसकी संभावना नहीं है।

इस बीच जयशंकर ने एक राजनीतिक नेता जैसे तेवर अपना लिये हैं। अपने ताजा साक्षात्कार में उन्होंने 'इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग' का उल्लेख किया। यह गैंग भारत में ऐसे ही तत्वों के साथ मिलकर सरकार की नीतियों को प्रभावित करने की कोशिश करता है। जयशंकर के अनुसार इस गैंग में पश्चिमी देशों की मीडिया, बुद्धिजीवी वर्ग, थिंक टैंक और मझोले दर्ज़े के सरकारी अधिकारी शामिल हैं। यह पहले अवसर है कि जब जयशंकर ने मोदी विरोधी तबके में सरकारी अधिकारियों के शामिल होने की बात कही है।

अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रशासन ने जयशंकर के इस कथन पर मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। प्रकारांतर से जयशंकर ने इन देशों को आगाह किया है कि भारत की राजनीति में दखलंदाजी करने से बाज आएं। अमेरिका इस चेतावनी के मद्देनजर अपनी नीति में बदलाव करता है अथवा मौजूदा नीति पर ही अमल जारी रखता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। इस बीच चेक गणराज्य में गिरफ्तार निखिल गुप्ता की अमेरिका प्रत्यर्पण की कार्रवाई अंतिम चरण में है। गुप्ता के अमेरिका पहुंचने के बाद वहां अदालती कार्रवाई तेज हो जाएगी।

अमेरिका पन्नू की कथित हत्या के प्रयास के सिलसिले में प्रथम साजिशकर्ता के प्रत्यर्पण की मांग भी कर सकता है। अमेरिका के अनुसार प्रथम साजिशकर्ता कथित रूप से भारत की विदेश खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का अधिकारी था। नई सरकार अमेरिकी की इस मांग को निश्चित रूप से ठुकरा देगी। भारत औरैअमेरिका के द्विपक्षीय संबंध बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करेंगे कि इस पेचीदा मामले से कैसे निपटा जाए। इस बीच चाबहार बंदरगाह और अफगानिस्तान फिर चर्चा में आ गए हैं। अफगानिस्तान के हुक्मरानों ने भारत चाबहार समझौते का स्वागत किया है। नए घटनाक्रम में रूस ने चेतावनी दी है कि अमेरिका इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठनों को अफगानिस्तान और मध्य एशिया के देशों में फिर सक्रिय कर सकते हैं। ये आतंकी गुट रूस और ईरान को निशाना बना सकते हैं । और चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण गलियारे को निशाना बना सकते हैं।

# बिहार में लोकसभा चुनावों का परिणाम ऐसा आने वाला है जिसकी किसी ने कल्पना तक नहीं की होगी

हमने खासतौर पर पटना, पाटलिपुत्र, आरा, काराकाट और बक्सर संसदीय क्षेत्रों का दौरा कर जब वहां के हालात जाने तो एक चीज स्पष्ट हुई कि केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक लोगों को पहुँच रहा है जिसके चलते सभी लोग मोदी के मुरीद बने हुए हैं। बिहार में भाजपा का प्रयास है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सभी 40 सीटों पर जीत हासिल करे इसलिए पार्टी ने नारा दिया है श्अबकी बार 40 हमार, मोदी संगे हमार बिहारश। बिहार में इस बार भाजपा ने कुछ सीटों पर सांसदों के टिकट काट कर नये लोगों को मौका दिया है जिसका अच्छा प्रभाव देखने को मिल रहा है। हालांकि कुछ और सीटें ऐसी थीं जहां यदि उम्मीदवार को बदला जाता तो स्थिति और अच्छी हो सकती थी। भाजपा के पास पूरा फीडबैक है इसलिए पार्टी आलाकमान असंतोष व्यक्त कर रहे लोगों को मनाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री जिस तरह यहां लगातार रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं और राज्य में अपने हर दौरे के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठ कर वर्तमान चरण की तैयारियों की समीक्षा और आगे के चरण के लिए रोडमैप बना रहे हैं उससे बिहार भाजपा एकदम चुस्त दुरुस्त नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम आज भी बिहार में सबसे ज्यादा प्रभावी है।जब बिहार पहुँची तो हमने पाया कि यहां के लोग इस बात से बेहद प्रसन्न हैं कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। हमने खासतौर पर पटना, पाटलिपुत्र, आरा, काराकाट और बक्सर संसदीय क्षेत्रों का दौरा कर जब वहां के हालात जाने तो एक चीज स्पष्ट हुई कि केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक लोगों को पहुँच रहा है जिसके चलते सभी लोग मोदी के मुरीद बने हुए हैं। हमने जब राम मंदिर को लेकर लोगों से बातचीत की तो सभी ने कहा कि मोदी जी ने वादा पूरा किया यह अच्छी बात है लेकिन राम मंदिर इस चुनाव में कोई मुद्दा नहीं यदि काराकाट की बात करें तो यहां से एनडीए के उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा सिलेंडर चुनाव चिह्न पर मैदान में हैं। वह यहां से पहले भी सांसद और केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। लेकिन जनता से सीधा जुड़ाव नहीं रखना उनके विरोध में जा रहा है। लोगों को उनका बार–बार पार्टी बदलना और अपनी नई पार्टी बना लेना भी नहीं भा रहा है लेकिन चूंकि काराकाट कुशवाहा बहुल है इसलिए उपेंद्र कुशवाहा को उम्मीद है कि वह एक बार फिर चुनाव जीत सकते हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उनके समर्थन में एक रैली को संबोधित कर चुके हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उनके लिए प्रचार किया। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने यहां से राजाराम कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है जिसके चलते कुशवाहा समाज के मत विभाजित हो सकते हैं। हम आपको बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान राष्ट्रीय जनता दल का यहां अच्छा प्रदर्शन रहा था और उसने इस संसदीय सीट की एक सीट छोड़कर बाकी पर विजय हासिल की थी। यहां चुनाव को त्रिकोणीय बनाते हुए भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह मैदान में हैं। उनके जनसंपर्क अभियान के दौरान जिस तरह की भीड़ उमड़ रही है उसको देखते हुए अन्य प्रत्याशियों के होश उड़े हुए हैं। पवन सिंह के साथ युवा खासी तादाद में हैं। इन युवाओं पर उपेन्द्र कुशवाहा ने एक ऐसी टिप्पणी कर दी है जिसके चलते युवा वर्ग उनसे और नाराज हो गया है। जब हमने कई गांवों का दौरा कर लोगों से बातचीत की तो अधिकांश लोगों ने कहा कि हम पवन सिंह का साथ देंगे क्योंकि हम बदलाव चाहते हैं। लोगों ने कहा कि पहले हमारे पास विकल्प नहीं था इसलिए हम एनडीए या इंडिया गठबंधन में से ही किसी को चुनते थे लेकिन इस बार हमारे पास अच्छा विकल्प है। कई लोगों ने कहा कि वह चूंकि पवन सिंह के फैन हैं इसलिए उनको ही वोट देंगे। इन लोगों ने यह माना कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ यह ले रहे हैं लेकिन वोट पवन सिंह को देंगे। उन्होंने कहा कि हम मोदी जी के खिलाफ नहीं हैं और यदि चुनाव बाद पवन सिंह मोदी जी के साथ चले जायें तो भी हमको कोई दिक्कत नहीं है, बस हम तो उन्हें एक मौका देना चाहते हैं। हम आपको बता दें कि काराकाट में दो लाख के आसपास राजपूत हैं और पवन सिंह को उम्मीद है कि यह सारा वोट तो उनको मिलेगा ही साथ ही अन्य समाज का भी समर्थन उन्हें मिलेगा।जब हमने आरा और बक्सर संसदीय क्षेत्रों का दौरा किया तो पाया कि आरा में आरके सिंह के आगे कोई किसी अन्य प्रत्याशी की बात भी नहीं कर रहा है। लोगों ने बताया कि केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार आरके सिंह जिस ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं और जिस तरह उन्होंने गांवों में विकास कार्य कराये हैं उससे लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है इसलिए लोग उन्हीं का साथ देंगे। लोगों ने बताया कि यहां नक्सलवाद की समस्या थी, बिजली नहीं आती थी, सड़कें खराब थीं और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं थीं लेकिन आज हालात एकदम बदल चुके हैं। यहां हमने कई लोगों से बातचीत की और सभी ने एक स्वर में श्अबकी बार 400 पारश का नारा लगाया। वहीं बक्सर में केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काटने वाली भाजपा ने जल्द ही असंतोष पर काबू पा लिया और यह सीट भी एक बार फिर भाजपा के खाते में ही जाती दिख रही है।इसी प्रकार जब हमने पटना साहिब और पाटलिपुत्र का दौरा किया तो यहां भी पलड़ा भाजपा के पक्ष में ही झुका नजर आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना में जब रोड शो किया था तो उसमें भारी भीड़ जुटी थी। पटना साहिब संसदीय क्षेत्र वैसे भी भाजपा का गढ़ रहा है। पाटलिपुत्र में एक बार फिर मुकाबला राम कृपाल यादव और लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती के बीच है। लेकिन ऐसा लगता है कि मीसा भारती हार की हैट्रिक लगाने जा रही हैं क्योंकि राम कृपाल यादव हर जगह बढ़त लिये हुए दिखे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब पाटलिपुत्र में रैली को संबोधित किया तो उन्होंने सीधे निशाने पर लालू परिवार को ही रखा था। इस रैली में प्रचंड गर्मी के बावजूद जिस बड़ी संख्या में लोग उमड़े थे वह अभूतपूर्व था।बहरहाल, यह सही है कि तेजस्वी यादव की सभाओं में भी अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है लेकिन इंडिया गठबंधन को लोकसभा चुनावों से ज्यादा उम्मीदें नहीं रखनी चाहिए। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस की बात करें तो हाल के चरणों में तो पार्टी का कोई बड़ा नेता प्रचार के लिए ही नहीं आया। यहां प्रचार का सारा भार तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी ने ही उठा रखा है। लेकिन वह गंभीरता के साथ प्रचार करने की बजाय अपने वीडियो को वायरल कराने का प्रयास करते ज्यादा नजर आये। नीतीश कुमार ने भी काफी शिद्दत से प्रचार किया जिससे वह विपक्ष के उन आरोपों का जवाब दे सकें जिसके तहत कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री का स्वास्थ्य अब ठीक नहीं रहता है। इस बार के चुनाव की खास बात यह रही कि एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी को कोई ज्यादा तवज्जो देता नहीं दिखा। देखना होगा कि जीतन राम मांझी ने गया से लोकसभा चुनाव लड़ कर केंद्र की राजनीति में जो कदम रखा है वह उन्हें आगे कहां तक ले जाता है और लोजपा के चाचा–भतीजे के बीच चुनावों के दौरान बंद रहा वाकयुद्ध क्या परिणाम के बाद दोबारा शुरू होता है? यह चुनाव परिणाम तेजस्वी यादव के बिहार की राजनीति में कद को भी निर्धारित करेंगे क्योंकि जहां एक ओर सत्ता पक्ष की तरफ से कई बड़े नेताओं ने प्रचार किया वहीं विपक्ष के स्टार प्रचारक के रूप में तेजस्वी ही छाये रहे। उन्होंने ना सिर्फ जनसभाओं को संबोधित किया बल्कि सोशल मीडिया पर भी लगातार सत्ता पक्ष के हमलों का जवाब देते रहे।

## आज का राशिफल

मेष राशि– आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा।

वृष राशि–आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है।

मिथुन राशि–आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज्बात काबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे। दिक्कतों का तेजी से मुकाबला करने की क्षमता आपको खघस पहचान दिलाएगी।

कर्क राशि–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा।

सिंह राशि–आज का दिन ठीक–ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच–पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे।

कन्या राशि–आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूजन की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इजाफा बचत को ज्यादा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग मिलने वाला है।

तुला राशि–आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। धनलाभ के नये आसार बनेंगें।

वृश्चिक राशि–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

धनु राशि–आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आएंगे।

मकर राशि–आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस–पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

कुंभ राशि–आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में माता–पिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा।

मीन राशि–आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी–मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिजूल के कामों में निकल जायेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें, जिससे आप अपने आप को बेहतर महसूस करेंगे।

# मोबाइल में कैसे फ्री में देखें टी20 वर्ल्ड कप ? यहां जानें पूरी जानकारी

टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन 1 जून से 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में होने जा रहा है। टी20 वर्ल्ड कप के 9वें एडिशन में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। वहीं एक महीना चलने वाले इस मेगा टूर्नामेंट में 55 मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद नया टी20 चौंपियन मिलेगा। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन 1 जून से 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में होने जा रहा है। टी20 वर्ल्ड कप के 9वें एडिशन में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। वहीं एक महीना चलने वाले इस मेगा टूर्नामेंट में 55 मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद नया टी20 चौंपियन मिलेगा। वहीं भारतीय समयानुसार पहला मैच 2 जून को डलास के टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में यूएसए और कनाडा आमने–सामने होंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल मुकाबला 29 जून को बारबाडोस, केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन में खेला जाएगा। सुपर 8 की समाप्ति के बाद पॉइंट्स टेबल की टॉप टीम सेमीफाइनल में चौथे स्थान की टीम से भिड़ेगी और दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम का मुकाबला तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम से होगा। दोनों सेमीफाइनल की विजेता टीम 29 जून को वर्ल्ड कप के फाइनल में भिड़ेंगी। कहां देख सकते हैं आईसीसी टी20 वर्ल्ड 2024 की लाइव स्ट्रीमिंग?आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 की लाइव स्ट्रीमिंग यानी मोबाइल पर सीधा प्रसारण डिज्नी हॉटस्टार पर देख सकते हैं। कैसे फ्री में मोबाइल पर देखें आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप ?आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के मैच आप डिज्नीहॉटस्टार के जरिए मोबाइल पर फ्री में देख सकते हैं। डिज्नी ने टी20 वर्ल्ड कप के सभी मैचों को बिनां सब्सक्रिप्शन ही फ्री में मोबाइल पर दिखाए जाने का ऐलान किया है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का लाइव ब्रॉडकास्ट कहां देख सकते हैं? आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सभी मैचों का टीवी पर लाइव प्रसारण यानी लाइव ब्रॉडकास्ट स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चौनल्स पर देख सकते हैं।




# मैं वर्ल्ड कप ट्राफी भी उठाऊंगा... केकेआर की जीत के बाद रिंकू सिंह ने कर डाली बड़ी भविष्यवाणी

रिंकू ने 'जियो सिनेमा' से कहा, '' मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा।'' हालांकि, रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है,जो चर्चा का विषय है। केकेआर ने रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर आईपीएल 2024 का खिताब अपने नाम किया। कोलकाता ने 10 साल बाद इतिहास दोहराया है। हालांकि, इससे पहले भी दो बार केकेआर आईपीएल का खिताब अपने नाम करने में कामयाब हुई थी। वहीं टीम के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल 2024 के फाइनल में जीत के बाद वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद भी जताई है। कोलकाता के बल्लेबाजों ने पूरे सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मध्यक्रम में हालांकि वामहस्त बल्लेबाज रिंकू सिंह को लंबी पारी खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 11 पारियों में 148.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए। वहीं जीत के बाद रिंकू ने 'जियो सिनेमा' से कहा, '' मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा।'' हालांकि, रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है,जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे।





इस सत्र में केकेआर के प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर रिंकू ने पूरी टीम को श्रेय दिया। उन्होंने सात साल बाद टीम में वापसी करने वाले टीम 'मेंटोर' गौतम गंभीर की भी सराहना की। रिंकू ने कहा, ''आप सिर्फ एक व्यक्ति को श्रेय नहीं दे सकते क्योंकि हर किसी ने कड़ी मेहनत की है। जब से जीजी (गौतम गंभीर) सर आए हैं, बहुत सारी चीजें बदल गई हैं। सुनील (नारायण) को पारी का आगाज करने के लिए कहा गया और उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की।'' साथ ही उन्होंने कहा कि, बल्लेबाजों ने अच्छा खेला और गेंदबाजी शानदार रही। वेंकी (वेंकटेश अय्यर) ने आखिरी के पांच–छह मैचों से वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। कुल मिलाकर, सभी ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।''

# गौतम गंभीर से बात करते दिखे जय शाह, टीम इंडिया के हेड कोच को लेकर तेज हुई चर्चाएं

भारतीय टीम के हेड कोच की खोज जारी रखी हुई है। जहां केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर के नाम पर चर्चाएं जारी हैं। वहीं रविवार को आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबले के बाद बीसीसीआई के सचिव जय शाह और गंभीर के बीच बातचीत हुई। जिसके बाद गंभीर को हेड कोच बनाने की अफवाहों ने तूल पकड़ लिया है। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के हेड कोच की खोज जारी रखी हुई है। जहां केकेआर के मेंटॉर गौतम गंभीर के नाम पर चर्चाएं जारी हैं। वहीं रविवार को आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबले के बाद बीसीसीआई के सचिव जय शाह और गंभीर के बीच बातचीत हुई। जिसके बाद गंभीर को हेड कोच बनाने की अफवाहों ने तूल पकड़ लिया है। बीसीसीआई ने 13 मई को भारतीय हेड कोच की तलाश शुरू की थी और आवेदन निकाले थे। आवेदन करने का आखिरी दिन आज यानी 27 मई को निर्धारित की गई है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में हाल ही में दावा किया गया कि गंभीर ने अभी तक पद के लिए आवेदन नहीं किया है और वे आखिरी दिन आवेदन कर सकते हैं।




# एमएस धोनी ने फिर बदला हेयरस्टाइल, अब नए लुक में आ रहे हैं नजर

एक बार फिर से एमएस धोनी ने अपना लुक चेंज किया है। इसके लिए धोनी मशहूर हेयरस्टाइलिस्ट आलिम हकीम के यहां पहुंचे थे। जहां, सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट ने धोनी की तस्वीर शेयर की। साथ ही ये भी बताया कि हेयर सेशन के दौरान धोनी ने सैलून में क्या–क्या एक्टिविटीज कीं।एमएस धोनी ने फिर से अपना लुक चेंज किया है। इसके लिए धोनी मशहूर हेयरस्टाइलिस्ट आलिम हकीम के यहां पहुंचे थे। जहां, सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट ने धोनी की तस्वीर शेयर की। साथ ही ये भी बताया कि हेयर सेशन के दौरान धोनी ने सैलून में क्या–क्या एक्टिविटीज कीं। आलिम हकीन ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि सिक्रेटली धोनी हमारे सैलून पहुंचे जो कि अपने आप में एक बड़ा सरप्राइज था। बता दें कि, आईपीएल 2024 में चेन्नई प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई थी। जिसके बाद चेन्नई को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। उसके बाद एमएस धोनी आईपीएल से टीम के बाहर होने के बाद अपने घर रांची पहुंचे, कुछ वक्त बिताने के बाद वह मुंबई पहुंचे थे। आलिम हकीम ने एमएस ध ाोनी की अपने सैलून में फोटो शेयर की है। इसमें धोनी गॉगल्स पहने हुए नए लुक में नजर आ रहे हैं। आलिम ने आगे लिखा है कि हेयर–सेशन के दौरान धोनी ने कुछ विंटेज म्यूजिक प्ले की और उसका जमकर लुत्फ उठाया। इसने हमारे दिन को और शानदार बना दिया। उन्होंने लिखा कि जिंदगी में कुछ दिन होते हैं जो हमेशा के लिए यादगार बन जाते हैं। इसके आगे हकीम ने लिखा कि इन तमाम चीजों के लिए आपको ढेर सारा प्यार माही सर। आईपीएल 2024 शुरू होने से पहले ही एमएस धोनी ने अपना हेयरस्टाइल बदला था। उस दौरान वह लंबे बालों में नजर आए थे। लंबे बालों में धोनी ने अपनी जबरदस्त धाक जमाई थी।



# बेसबाल के दीवाने अमेरिका में टी 20 वर्डकप से क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ने की उम्मीद

एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के जरिये यह खेल उत्तरी अमेरिका में बड़े स्तर पर वापसी कर रहा है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह स्थानीय दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने में सक्षम होगा? विश्व क्रिकेट पर आर्थिक रूप से भारत का दबदबा है लेकिन वैश्विक स्तर पर इस खेल का संचालन करने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को अमेरिका के बाजार में बड़ी संभावनाएं दिखती हैनयी दिल्ली। क्रिकेट 18वीं सदी में अमेरिका में मनोरंजन का एक लोकप्रिय माध्यम था लेकिन बेसबॉल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच यह गुमनाम खेल की तरह हो गया। एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के जरिये यह खेल उत्तरी अमेरिका में बड़े स्तर पर वापसी कर रहा है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह स्थानीय दर्शकों पर अपनी छाप छोड़ने में सक्षम होगा? विश्व क्रिकेट पर आर्थिक रूप से भारत का दबदबा है लेकिन वैश्विक स्तर पर इस खेल का संचालन करने वाले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अमेरिका के बाजार में बड़ी संभावनाएं दिखती है। आईसीसी का दावा है कि इस विशाल देश में पहले से ही तीन करोड़ प्रशंसक हैं जो इस खेल को देखते हैं। इस टी20 विश्व कप को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक के लिए एक प्रमुख कदम के रूप में भी





देखा जाता है। इस ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल के बाद वापसी होगी। विश्व कप के ज्यादातर मैचों (55) का आयोजन कैरेबियाई देशों में होगा, इसमें नॉकआउट चरण के साथ फाइनल मैच भी शामिल है। अमेरिका के तीन स्थानों न्यूयॉर्क, डलास और लॉडरहिल में कुल 16 मैच खेले जायेंगे। टी20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले जाने वाला मैच अमेरिका में इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला होगा। इसकी मेजबानी न्यूयॉर्क करेगा। यही स्थल नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाले मैच की मेजबानी भी करेगा। दुनिया के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल रहे वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा ने भी अमेरिका में टी20 विश्व कप के मैचों को करने का स्वागत किया। उन्होंने कहा, '' टी20 क्रिकेट काफी मनोरंजक होता है और लोग इसे देखना चाहते है। अमेरिका के लोग मनोरंजन ही चाहते है।'' उन्होंने कहा, ''जब आप अमेरिका के किसी व्यक्ति से बात करते है तो वह यही कहता है, 'आप पांच दिनों तक एक खेल खेलते हैं और फिर वह ड्रा पर समाप्त हो जाता है। यह सब किस बारे में है?' ऐसे में उसे इस खेल के बारे में समझाना मुश्किल हो जाता है।'' आईसीसी अपने स्तर पर अमेरिकी दर्शकों से जुड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, चाहे वह आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण विजेता धावक उसेन बोल्ट को विश्व कप दूत के रूप में जोड़ना हो या मियामी में हाल ही में फॉर्मूला वन रेस में के दौरान इस विश्व कप का प्रचार करना हो। बेसबॉल, एनएफएल और एनबीए की दुनिया से औसत अमेरिकी परिवार का ध्यान हटाने के लिए क्रिकेट को जमीनी स्तर पर विकसित करने की आवश्यकता होगी। क्रिकेट प्रेमी कैरेबियन से संबंध रखने वाले बोल्ट ने हाल ही में एक साक्षात्कार में 'पीटीआई–भाषा' को बताया, ''मुझे निश्चित रूप से लगता है कि खेल अमेरिका में विकसित हो सकता है। जब आप किसी देश में मौजूद होते हैं तो लोग इसकी ओर आकर्षित होने लगते हैं और इसके बारे में और अधिक जानना चाहते हैं।'' अमेरिका के लोगों के पास क्रिकेट से जुड़ने का एक और कारण यह है कि उनकी टीम इस प्रतियोगिता में चुनौती पेश कर रही है। अमेरिका की टीम में ज्यादातर खिलाड़ी दक्षिण एशियाई, कैरेबियाई और दूसरे देशों के प्रवासी हैं। विश्व कप में पदार्पण कर रही इस टीम ने बांग्लादेश को टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 2–1 से हराकर अन्य देशों को अपनी पुख्ता तैयारियों का संकेत दिया। 'यूएसए क्रिकेट' के प्रमुख वेनु पिसिके ने भी माना कि आईसीसी आयोजन से खेल को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। इसका आकर्षण हालांकि 2028 ओलंपिक का हिस्सा बनने से और ज्यादा बढ़ेगा। पिसिके ने कहा, ''अब तक, क्रिकेट मुख्य रूप से प्रवासियों का खेल है, लेकिन विश्व कप के दौरान विपणन और प्रचार गतिविधियों के कारण इसकी लोकप्रियता में कुछ इजाफा हुआ है। विश्व कप निश्चित रूप से अमेरिका में इस खेल के विस्तार के मौकों को बढ़ावा देगा।'' उन्होंने कहा, '' विश्व कप के कारण लोग इस खेल को लेकर जागरूक हो रहे है

# 150 तरीके के होते हैं सिर दर्द, सबसे खतरनाक होता है माइग्रेन, जानें इसका कारण और बचाव

आजकल स्ट्रेस, अनहेल्दी लाइफस्टाइल और खानपान के कारण हमारे शरीर के अंगों पर कई गंभीर असर पड़ते हैं. जिनमें से एक माइग्रेन भी है, जिसमें भयंकर सिर दर्द होता है. लेकिन अधिकतर लोग आम सिर दर्द को माइग्रेन समझ लेते हैं या माइग्रेन के दर्द को आम सिर दर्द समझ कर इसे नजरअंदाज कर देते हैं. लेकिन आपको माइग्रेन के इन पांच मूल कारणों के बारे में पता होना चाहिए, जिससे माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है और आपकी स्थिति को और ज्यादा खराब कर सकता है. जेनेटिक हो सकता है माइग्रेन

जी हां, डॉक्टरों का मानना है कि माइग्रेन अक्सर फैमिली हिस्ट्री से जुड़ा हुआ होता है. यदि आपके किसी फैमिली मेंबर को पहले से माइग्रेन की समस्या है, तो यह संभावना है कि आपको भी माइग्रेन की समस्या हो सकती है.हार्मोनल चेंजमाइग्रेन के अन्य कारणों में से एक हार्मोनल चेंजेस भी है. खासकर महिलाओं के हार्मोन में पीरियड्स या प्रेगनेंसी की दौरान उतार–चढ़ाव होते हैं, उससे माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है. दरअसल, शरीर में एस्ट्रोजन के लेवल में बदलाव होने के कारण माइग्रेन की स्थिति और गंभीर हो सकती है.पर्यावरणीय कारककई बार पर्यावरणीय कारक भी माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं. जैसे तेज धूप, टिमटिमाती रोशनी, तेज गंध, तेज आवाज, मौसम में बार–बार बदलाव होना भी माइग्रेन के दर्द को बढ़ा सकता है.खाने पीने की हैबिटजी हां, कुछ खाद्य पदार्थ और ड्रिंक माइग्रेन को ट्रिगर करने के लिए जाने जाते हैं. खासकर अल्कोहल, कैफीन, प्रोसेस्ड मीट और मोनोसोडियम युक्त खाद्य पदार्थ और ड्रिंक का सेवन करना माइग्रेन को ट्रिगर कर सकता है. इसके अलावा खाने में बहुत ज्यादा गैप करना या उपवास करना भी माइग्रेन के दर्द को बढ़ा सकता है.स्ट्रेस और तनावस्ट्रेस और तनाव माइग्रेन को बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण हो सकता है. जब आप तनाव, चिंता या डिप्रेशन का शिकार होते हैं, तो आपके दिमाग पर इसका असर पड़ता है और यह माइग्रेन को ट्रिगर करके इसके दर्द को बढ़ा सकता है. इसके लिए आपको माइंडफुलनेस ध्यान, योग, फिजिकल एक्टिविटी और पर्याप्त नींद लेना चाहिए.



# टूथपेस्ट का ऐसे करें इस्तेमाल, कुछ दिनों में गोरे दिखने लगेंगे आपके घुटने और कोहनी

त्वचा में नमी न होने की वजह से त्वचा रूखी होकर काली पडने लग जाती है. कभी–कभी घुटने और कोहनी बहुत ज्यादा काले दिखने लगते हैं, जो शर्मिंदगी का कारण बन जाते हैं. काले घुटने की वजह से अवसर लोग शॉर्ट कपड़े नहीं पहन पाते हैं, तो वही कोहनी के कालेपन की वजह से लोगों को हाफ और स्लीवलेस कपड़े पहनने में परेशानी होती है.

ऐसे में लोग कोहनी और घुटने को गोरा करने के लिए काफी प्रयास करते हैं, कुछ लोग तो इसके लिए मेडिकल ट्रीटमेंट की भी मदद लेते हैं. लेकिन फिर भी उन्हें कोई असर नहीं होता है. अगर आप भी कोहनी के कालेपन से परेशान है, तो यह खबर आपके लिए है. आज हम आपको टूथपेस्ट के इस्तेमाल के बारे में बताएंगे. टूथपेस्ट के फायदेटूथपेस्ट वैसे तो धातु की सफाई के लिए इस्तेमाल होता है लेकिन आप इसका उपयोग कोहनी और घुटने के कालेपन को दूर करने के लिए भी कर सकते हैं. जानकारी के मुताबिक टूथपेस्ट डेड स्किन को हटाने में मदद करता है और त्वचा के पीएच लेवल को संतुलित रखता है. जिससे त्वचा का कालापन दूर होता है. यही नहीं टूथपेस्ट एक ब्लीचिंग एजेंट है, जो त्वचा को हल्का करने में भी मददगार माना गया है.टूथपेस्ट का इस्तेमालटूथपेस्ट का इस्तेमाल करने के लिए आपको सबसे पहले एक साफ बर्तन में एक चम्मच टूथपेस्ट के साथ नारियल तेल, नमक और नींबू का रस मिलना होगा. इन तीनों का पेस्ट बनाकर आप इसे कोहनी और घुटने पर सर्कुलर मोशन में लगाएं. इसे 5 से 10 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें. आप इसका हफ्ते में 2 से 3 बार इस्तेमाल कर सकते हैं. ऐसा करने पर आपको कुछ ही दिनों में फर्क देखने को मिलेगा.

इन चीजों का करें इस्तेमाल

टूथपेस्ट के अलावा आप और भी कई चीजों का इस्तेमाल कर अपनी कहानी और घुटने को गोरा बना सकते हैं जैसे नियमित रूप से मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें डेट स्कीम हटाने के लिए हफ्ते में एक से दो बार कहानी और घुटने पर स्क्रब करें इसके अलावा नींबू के रस और दही का कोहनी और घुटने पर इस्तेमाल करें. इन बातों का रखें ध्यानहल्दी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को हल्का करने में मदद करते हैं

और गोरा बनाते हैं. इसलिए आप कोहनी और घुटने पर हल्दी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं. यह घरेलू उपचार आपके घुटने और कोहनी के कालेपन को साफ कर सकते हैं. लेकिन ध्यान रहे कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है. अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर से बात जरूर करें ।



# फेस टैपिंग से क्या सचमुच में झुर्रियां दूर होती हैं? जानें एक्सपर्ट की राय

फेस टैपिंग तकनीक की मदद से ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और चेहरे पर ग्लो बढ़ता है। क्या इससे झुर्रियां होती हैं कम या नहीं, चलिए आपको बताते हैं। कुछ लोगों का मानना है कधि टैपधिंग तकनीक की मदद से झुर्रधियों की समस्या को दूर कधिया जा सकता है। आजकल लोगों की स्किन पर झुर्रियां दिखने लगती है, समय से पहले ही त्वचा बूढ़ी नजर आने लगती है। इसका कारण तनाव और खराब जीवनशैली भी हो सकता है। जिसके कारण चेहरे पर फाइन लाइन्स और रिंकल्स की समस्या नजर आने लगती है। झुर्रियों को कम करने के लिए लोग बाजार से तरह–तरह की क्रीम और महंगे ब्यूटी प्रोडक्टस खरीदते हैं। लेकिन फिर भी इन उत्पादों की मदद से झुर्रधियों की समस्धया कम नहीं होती। ऐसे में लोग थेरेपी और मसाज की ओर भागते हैं। कुछ लोगों का मानना है कधि टैपधिंग तकनीक की मदद से झुर्रधियों की समस्धया को दूर कधिया जा सकता है। चलिए आपको बताते हैं इस पर एक्सपर्ट की क्या राय है। कई लोग यह दावा करते है कि फेस टैपिंग तकनीकी की मदद से झुर्रियां दूर हो जाती है। हालांकि, यह एकदम सच नहीं है। एक्सपर्ट के मुताबिक, फेस टैपिंग तकनीक की मदद से कुछ हद तक स्कन में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, मंगलवार 28 मई 2024
sheelshukla100@gmail.com


# 29 को आएंगे अमित शाह भाजपा ने की तैयारी बैठक

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। सोमवार को पुरवा स्थित भाजपा के लोकसभा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में आगामी 29 मई को गृह मंत्री अमित शाह की होने वाली जनसभा की तैयारी के लिए बैठक की गई । मुख्य अतिथि शिक्षक स्नातक विधान परिषद के सदस्य और रैली के प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस रैली को हम जितना सफल बना ले जायेंगे उतना ही चुनाव हमारे पक्ष में अच्छा होगा । उन्होंने कहा कि सरकार के जनहित के कार्यों को देखते हुए जनता को मोदी जी पर पूरा भरोसा है अमित शाह जी संगठन के मर्मज्ञ हैं और संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के लिए आ रहे हैं चूंकि भाजपा के कार्यकर्ता हर समय पार्टी के अभियानों में व्यस्त रहते हैं और इस समय चुनाव अंतिम चरण में पहुंच चुका है थोड़ा सा थकान स्वाभाविक है लेकिन हमारी परंपरा चरैवेति चरैवेति की रही है इसलिए जब तक अंतिम चरण



का रण समाप्त नहीं हो जाता हमे पूरे उत्साह के साथ इस रैली को सफल बनाना है ।किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि सभी लोग अपने अपने प्रभार वाले क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या लायेंगे । जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पिछले 26 मई को मोदी जी की सफल रैली के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आगामी 29 मई को देश के गृह मंत्री अमित शाह की रैली को भी और मेहनत करके सफल बनाएंगे । इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजय शाही, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, अखिलेश त्रिपाठी, संजय सिंह सैंथवार, आनंद शाही, निर्मला गौतम, दीपू शाही, निशिरंजन तिवारी, जितेंद्र प्रताप राव, अवधेश सिंह, अरविंद पांडे, प्रभाकर तिवारी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरुष नसबंदी में प्रयागराज अव्वल

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रदेश के श्समग्र विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण जरूरी है। इसके लिए परिवार नियोजन कार्यक्रम लागू किया गया। इससे न केवल जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आ रही है बल्कि कम जनसंख्या वृद्धि से आबादी में पहले से मौजूद लोगों के लिए अधिक संसाधनों की उपलब्धि सुनिश्चित हो रही है। लंबी जीवन प्रत्याशा और बेहतर स्वास्थ्य की प्राप्ति होगी।योगी सरकार ने प्रदेश की नई जनसंख्या नीति में भी इसे प्राथमिकता दी है। नीति में प्रस्तावित जन्म दर को प्रदेश में 2026 तक 2.1: तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। सिफ्सा के प्रयागराज मंडल के कार्यक्रम प्रबंधक हरित सक्सेना के मुताबिक जनपद प्रयागराज में वर्ष 2023–24 में परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति में लक्ष्य का सौ फीसदी से अधिक हासिल हुआ है। जिले में इस अवधि 12,500 महिलाओं के परिवार नियोजन का संभावित लक्ष्य रखा गया था लेकिन 14146 महिलाओं ने इस अवधि में परिवार नियोजन परिवार करवाया । इस तरह एफएसटी में जनपद में लक्ष्य का 113.17 फीसदी की प्राप्ति हुई है। इसी अवधि में जिले में 260 पुरुषों के परिवार नियोजन का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 314 पुरुषों ने परिवार नियोजन करवाया। इस तरह एनएसवी में जिले ने लक्ष्य का 120.27 फीसदी हासिल किया है। इस तरह जनपद ने पुरुष नसबंदी में प्रथम स्थान हासिल किया है जबकि महिला नसबंदी में जिले का स्थान दूसरा है। प्रयागराज में वर्ष 2022–23 में परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति में लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति नहीं हुई। सिफ्सा के प्रयागराज मंडल के कार्यक्रम प्रबंधक हरित सक्सेना बताते हैं कि जिले में इस अवधि में 18,721 महिलाओं के परिवार नियोजन का संभावित लक्ष्य रखा गया था लेकिन 10,577 महिलाओं ने इसअवधि में परिवार नियोजन परिवार करवाया । इस तरह एफएसटी में जनपद में लक्ष्य का 56.50 फीसदी की प्राप्ति हुई है। इसी अवधि में जिले में 500 पुरुषों के परिवार नियोजन का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 177 पुरुषों ने परिवार नियोजन करवाया। इस तरह एनएसवी में जिले ने लक्ष्य का 35.40 फीसदी हासिल किया है। इस तरह जनपद में परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति में लक्ष्य का 45.95 फीसदी का लक्ष्य हासिल किया गया था।

# यमुना में डूबने से दो युवकों की मौत, एक को बचाया

प्रयागराज(आरएनएस)। दरियाबाद क्षेत्र में तीन दोस्त एक साथ यमुना में नहाने के लिए गये थे। जहां दो बच्चे नहाते समय गहरे पानी में समा गये। पानी की धारा में जाने से दोनों की मौत हो गयी। शोर मचाने पर मौजूद गोताखोरों ने एक को डूबने से बचा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला इलाके का रहने वाला रोमान (15) अपने दोस्त सैफ (18) और बबलू के साथ दरियाबाद स्थित जोगीघाट पर यमुना स्नान करने गया हुआ था। तीनों एक साथ घाट के किनारे पर नहा रहे थे। इसी बीच सैफ और रोमान नहाते हुए आगे बढ़ गये और गहरे पानी में समाने लगे। दोनों को डूबता देख आस पास रहे लोगो ने शोर मचाया तो मौके पर शोर सुनकर स्थानीय गोताखोर पानी में दोनों को बचाने के लिए कूद गये ।पानी में बहाव अधिक होने के कारण दोनों डूब गये, वहीं गोताखोरों बबलू को बचा लिया। युवकों के डूबने की सूचना अतरसुइया पुलिस को दी गयी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर शवों को तलाशने का कम शुरु करा दिया। काफी देर के बाद दोनों के शवों को पानी से बाहर निकाला गया। सूचना घरवालों को मिली तो वह घाट पर ही बिलखते हुए पहुंच गये। पुलिस ने रोमान और सैफ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।

# कहर बरसाती धूप ने झुलसाया

### गर्मी से तर बतर हो रहे लोग, कूलर, पंखे भी हांफते रहे

प्रयागराज(आरएनएस)। कड़ी धूप और गर्मी से प्रयागराज का पारा सोमवार को फिर हाई हो गया। कई जगह सड़कों पर सन्नाटा दिखा। बहुत जरूरत पड़ने पर ही लोग घरों से निकले। तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल दिखा। गर्मी के कारण गला सूखता रहा। गर्मी का प्रकोप इतना तेज रहा कि कूलर और पंखे तक जवाब दे गए। जगह–जगह बिजली कटौती के कारण लोगों को और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को दिन का तापमान 46 डिग्री पार कर गया। गर्म हवाओं के चलते लोग चश्मा, टोपी के साथ ही गमछा और दुपट्टे से चेहरा ढंककर चलते दिखे। प्रयागराज में भीषण गर्मी का कहर जारी है। रविवार को जिले का तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पूरे दिन गर्म हवाओं ने लोगों को खूब परेशान किया। गर्मी से बेहाल लोग घरों में ही पंखे, कूलर एसी में दुबके रहे। शाम को आसमान में छाए बादलों ने कुछ राहत जरूर दी, लेकिन गर्म हवा शाम को भी चलती रही। दिन में तेज धूप और उमस के चलते बाजार में सन्नाटा दिखा।सोमवार को सुबह आठ बजे से ही गर्मी का कहर शुरू हो गया। घर में कूलर और पंखा के सामने बैठने पर भी राहत नहीं मिली। गर्मी से निजात दिलाने वाले खाद्य पदार्थों नींबू, शिकंजी, शर्बत, खीरा, ककड़ी, लीची, ठंडे पानी की मांग काफी बढ़ गई। भीषण गर्मी में गंगापार झूंसी की ओर से शहर आने वाले रास्ते पर शास्त्री पुल से लेकर अलोपीबाग तक जबर्दस्त जाम लगने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर में जगह–जगह यातायात व्यवस्था संचालित करने के लिए लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल से भी लोगों को दिक्कतें हुईं। कहीं 90 तो कहीं 120 सेकंड का रेड लाइट सिग्नल होने के कारण दोपहिया वाहन चालकों की शामत आ गई थी। चिलचिलाती धूप में खड़े होकर सिग्नल ग्रीन होने का इंतजार करना भारी पड़ रहा था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार फिलहाल अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। शहर में लू चलने की संभावना मंगलवा को भी रहेगी। मौसम विभाग ने रात के समय भी गर्म हवा चलने की बात कही है। 31 मई को बारिश की संभावना जताई जा रही है।

# सम्भावित बाढ एवं अतिवृष्टि की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित

प्रयागराज(आरएनएस)। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवार को सम्भावित बाढ एवं अतिवृष्टि की तैयारियो के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में बांध एवं स्लूज गेटो की मरम्मत, तटबंधो, कटान वाले क्षेत्रो में बालू की बोरियो की व्यवस्था, नालो, सीवर, जलभराव एवं जल निकासी की व्यवस्था, बाढ प्रभावित क्षेत्रो में खाद्यान्न की व्यवस्था, पशुओ का टीकाकरण एवं दवाईयो की व्यवस्था, ब्लीचिंग, फॉगिंग, कीटनाशक एवं एण्टी लारवा का छिडकाव, सडक एवं पुलियो की मरम्मत की प्रगति, हैण्ड पम्प व नलकूपो की व्यवस्था, नावध्मोटरबोटो की व्यवस्था, बाढ प्रभावित क्षेत्रो में पुलिस पैट्रोलिंग तथा एण्टी लारवा की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता के बारे में सम्बन्धित बिन्दुओ पर विस्तार से तैयारी एवं कार्यवाहियों पर चर्चा की गयी। उक्त बैठक के दौरान विनय कुमार सिह, अपर जिलाधिकारी, (वि0ध रा0), प्रयागराज, अपर जिलाधिकारी (ना0आ0), प्रयागराज, सहायक पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक), जिला मलेरिया अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता बाढ कार्य खण्ड, जिला अग्निशमन अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर निगम विभाग आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू को किया याद

प्रयागराज(आरएनएस)। जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को 60 वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रातः नेहरू के पैतृक आवास आनंद भवन में कांग्रेसजनों ने राष्ट्रनेता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुरेश यादव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा में कहा गया कि नेहरू आधुनिकीकरण, समाजवाद और मिश्रित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। वे विश्व शांति के प्रतीक थे जिनका जीवन मानवता, गुटनिरपेक्ष आंदोलन, निशस्त्रीकरण और सामाजिक प्रगति के लिए आज भी प्रासंगिक है। वे न केवल 17 साल तक प्रधानमंत्री रहे बल्कि 20वीं सदी के महान नेताओं में से एक थे। वैभवशाली जीवन वाले नेहरू ने स्वाधीनता के लिए 14 कठोर साल जेल में रह यातनायें सहीं। वक्ताओं ने कहा कि जिस संविधान को मोदी सरकार आज खत्म करना चाहती है उसके मौलिक अधिकारों की संरचना नेहरू जी ने ही की थी। उन्हें जहां गरीबी, भूख, छुआ–छूत आदि जैसे भेदभावों से नफरत थी वहीं बेरोजगारी तथा अशिक्षा से भी घृणा थी।

यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने संचालन किया। बाद में कांग्रेसजनों ने बालसन चौराहा स्थित नेहरू की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया।

यूपी कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी, यूपीसीसी सदस्य फुजैल

हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी, रजनीश विश्राम दास, राकेश पटेल, गौरव पांडेय, हसीब अहमद, मनोज पासी, राज बहादुर गुप्ता, मानस शुक्ला, परवेज सिद्दीकी, सुरेश कुशवाहा, अजय श्रीवास्तव, केशव लाल आदि थे।

# प्रयागराज की दोनों लोकसभा सीटों पर जीत को लेकर भाजपाइयों का दावा

### अपने बूथों पर जीत दिलाने वाले कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करेगी संगठन

प्रयागराज(आरएनएस)। 25 मई को हुए मतदान को लेकर दोनों लोकसभा सीट फूलपुर एवं इलाहाबाद की लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर ने प्रचंड वोटो से जीत का दावा किया है। प्रयागराज महानगर की अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बूथ, सेक्टर और मंडल के कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने इस प्रचंड गर्मी में अपनी पूरी ताकत लगा दी। बूथो पर अपनी विचारधारा के वोटरों को निकालने में कामयाब रही और मतदान कराया। कहा कि निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी अपनी दोनों लोकसभा की सीटों पर एक से डेढ़ लाख की मार्जिन से विजय हासिल करेगी।उन्होंने कहा कि जिन बूथो पर कार्यकर्ताओं ने संगठन के मुताबिक 370 वोट प्लस किया और जीता है उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा और जिन बूथो पर मतदान कम हुए है उनकी चुनाव परिणाम के बाद समीक्षा की जाएगी उसके मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा की शहर दक्षिणी विधानसभा एवं फूलपुर लोकसभा की उत्तरी विधानसभा में भले ही मतदान का मत प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा कम है लेकिन जितने भी वोट पड़े हैं उन वोटो में 70: भारतीय जनता पार्टी का वोट पड़ा है

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरणके सचिव ने किया शिशु गृह की औचक निरीक्षण

प्रयागराज(आरएनएस)। जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय के निर्देशानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम के द्वारा सोमवार को मिशनरी ऑफ चौरिटी द्वारा संचालित शिशु गृह म्योराबाद चौराहा, स्टेनली रोड पेट्रोल पंप के सामने का औचक निरीक्षण किया गया। शिशु गृह में बच्चे उपस्थित थे। शिशु गृह की संचालिका द्वारा बताया गया कि यहां पर फिजियोथेरेपिस्ट की आवश्यकता है। इस संबंध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्तालाप करके शिशु गृह में एक फिजियोथेरेपिस्ट को नियुक्त करने के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किए गए। शिशु गृह में साफ सफाई, खाने–पीने व अन्य सुविधाएं सुव्यवस्थित पाई गई। सुसंगठित रूप से सारी व्यवस्थाएं रजिस्टर में दर्ज की जाती है। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

# इवीएम रखवाली के लिये कार्यकर्ताओं को दें परमीशन- सपा

### मुख्य राजस्व अधिकारी से मिले सपा नेता

प्रयागराज(आरएनएस)। मुंडेरा मंडी स्थित मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे को जनरेटर एवं इन्वार्टर सेभी जोड़ने, दृश्यता बढ़ाने तथा ई.वी.एम. की 24 घंटे लगातार निगारानी करते रहने के लिये कार्यकर्ताओं को पास जारी करने के लिये आज समाजवादी पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों ने मुख्य राजस्व अधिकारी पंकज कुमार से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा।सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन ने मुख्य राजस्व अधिकारी से वार्ता कर कहा कि बीती रात मे विद्युत कटौती हो गई थी।जिसके चलते काफी देर तक सीसीटीवी का सम्बन्ध टीवी से कट गया था। पूरी पारदर्शिता के साथ निगरानी के लिये इसे विद्युत् के अलावा जनरेटर तथा इन्वार्टर से भी जोड़ा जाय।सपा नेताओं की मांग पर मुख्य राजस्व अधिकारी ने इसे तत्काल कार्रवाई मे लाने का आश्वासन दिया।वहीं नेता द्वय ने मतगणना स्थल ध्स्ट्रॉंग रूम क पासइवीएम की रखवाली के लियेप्रत्येक विधानसभा मे कम से कम तीन कार्यकर्ताओं को पास जारी करने के लिये एडीएम नजूल से मुलाकात की। हलाकि रविवार को जिलाधिकारी से मिलकर पास की मांग की गई थी जिस पर आज महज 9 लोगों के पास जारी हो सके थे। सपा नेताओं का कहना है कि जिले कि कुल बारह विधानसभाओं के लिये मात्र 9 कार्यकर्त्ता अपर्याप्त हैं। इस मौके पर अनिल यादव सैयद इफ्तेखार हुसैन, रविन्द्र यादव, ध्रुव पति त्रिपाठी, दान बहादुर मधुर, शांति प्रकाश पटेल, आर एन यादव, कुलदीप यादव, जगदीश यादव, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

# अंग्रेजों जैसी कार्यशैली आज की पुलिस का– उज्जवल रमण सिंह

### अधिवक्ता रेहान अहमद को सिर्फ नारे लगाने के एवज में थाने में खींच कर पीटा

प्रयागराज(आरएनएस)। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने पुलिस की ज्यादतियों का विरोध करते हुए कहा कि आज की पुलिस अंग्रेजों के जमाने जैसा बर्ताव करने लगीं हैं जैसे अंग्रेज शासन में नारे लगाने पर पाबंदी थीं। उसी तरह का वाकया करैली थाने पर हुआ।उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को करैली थाने पर 3 घंटे जबरजस्ती रखने के बाद जब खुद ही छोड़ा तो उनके थाने से बाहर आते ही स्वभाविक हैं कि वहाँ बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता कुंवर साहब जिंदाबाद के नारे लगाने लगे।उन्होंने बताया कि उसी में अधिवक्ता रेहान अहमद भी थे जिनकों पुलिस घसीट कर थाने में ले गई और जब मैने उपस्थित अधिकारियों से कहा तो उन्होंने मुझे विश्वास में लिया कि आप जाय मै 10 मिनट में छोड़ दूंगा। जिसे रात भर नहीं छोड़ा और बुरी तरह से थाने में मारा भी दूसरे दिन न्यायालय से जमानत करा कर छुटा।पूर्व मंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि उसका गुनाह क्या था। वह पढ़ा लिखा अधिवक्ता है। उसका गुनाह सिर्फ इतना है कि वह अपने नेता का जिंदाबाद के नारे लगा रहा था, यह गुनाह था कि वो रेहान अहमद था।पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने बताया कि कुंवर रेवती रमण सिंह की गिरफ्तारी की सूचना पाकर सपा नेता हरी ओम साहू करैली थाने पहुंचे और सिर्फ इतना बोला कि किस वजह से कुंवर साहब को थाने लाये हैं। इतने में ही एसीपी बैरहना पुष्कर वर्मा ने बीसों थप्पड़ उनकी गाल पर जड़ते हुए कहा कि नेतागिरी करने आये हो यह हाल आज की बेलगाम पुलिस का ऐसे बेलगीम अधिकारियों पर लगाम नहीं लगीं तो जो थप्पड़ आज सपा कार्यकर्ता पर पड़ रहा है यहीं सत्ता परिवर्तन के बाद सत्ताधारी पर पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पुलिस जनता की सेवक होती है आज वो मालिक बन रही हैं यह लोकतंत्र के लिए खतरा है।

# उन्नति त्रिपाठी ने एक और बार बढ़ाया शहर का मान

प्रयागराज(आरएनएस)। नैनी की उन्नति त्रिपाठी ने शहर का मान बढ़ाया । उन्नति ने इंदौर में अयोजित इंडियन जूनियर ओपन में बालिका वर्ग 17 का खिताब जीता।इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट्स एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद साबिर के अनुसार उन्नति त्रिपाठी बालिका वर्ग 17 में नव्या सुंदरराजन को 3–1 से हरा के खध्तिाब अपना नाम किया अभी तक काफी राज्य और राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट का खिताब जीत चुकी है। वेल्हम स्कूल में अपने पिता हरि ओम त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्क्वैश के बारिकिया सीख रही है। मोहम्मद साबिर के अनुसार उनके पिता को राष्ट्रीय अकादमी चेन्नई में कोच नियुक्त किया गया था और उन्नति को शुरू से ही अपने पिता के अधीन प्रशिक्षर प्राप्त हुआ।इलाहाबाद स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष न्यायमूर्ति डी पी सिंह सेवानिवृत्त, संरक्षक नवीन सिन्हा, उपाध्यक्ष सतीश चतुर्वेदी, कोच मोहम्मद साकिब हसन रजा सहित स्क्वैश परिवार ने उन्नति एवं हरि ओम त्रिपाठी को आशीर्वाद और बधाई दी है।

# अंकित पर भारी पड़ी हर्षित, सत्येंद्र व विकास की पारी

प्रयागराज(आरएनएस)। चंद्राकला यूनिवर्सल क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित आबिद मूर्तजा स्मारक अंडर –19 क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले क्वाटर फाइनल मैच में कालिदास मेडिकल क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं। इस जीत में हर्षित नारायण तिवारी की नाबाद ( 69 रन, 59 गेंद, 10 चौके ) व सत्येंद्र यादव के ( 78 रन, 48 गेंद, 16 चौके ) और विकास यादव की ( 50 रन, 39 गेंद, 7 चौके व एक छक्का ) की पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। कालिदास मेडिकल क्लब के अंकित यादव ने धमकेदार ( 72 रन, 25 गेंद,6 चौके, सात छक्के ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके। सोमवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कालिदास मेडिकल क्रिकेट क्लब ने 31.3 ओवर में पूरी टीम 247 रन ( अंकित यादव 72, पियूष मिश्रा 46, रितेश गोंड 45, सत्यम सागर 19 रन, आदित्य मौर्या 3ध68, मो. अनसी 2ध55, विकास यादव 1ध12, कमल चौहान 1ध27 ) पर सिमट गई। जवाब में चंद्राकला यूनिवर्सल क्रिकेट क्लब की टीम ने 33.5 ओवर में सात विकेट पर 248 रन ( सत्येंद्र यादव 74, हर्षित नारायण तिवारी 69 नाबाद, विकास यादव 50, सचिन मिश्रा 22 रन, तन्मय केशरवानी 3ध48, पियूष मिश्रा 1ध19, मो. हम्माद 1ध26, संदीप पटेल 1ध41 ) पर बना लिए। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व अरुण कुमार ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कारिंग की। प्रतियोगिता में मंगलवार को कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब व प्रयाग क्रिकेट क्लब के बीच दूसरा क्वाटर फाइनल मैच खेला जाएगा।

# लाजमी लापरवाही से युवक की मौत

प्रयागराज(आरएनएस)। प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार उतरांव थाना क्षेत्र के बिरगापुर निवासी चंद्र प्रकाश स्वर्गीय दूधनाथ मजदूरी करके अपनी पत्नी और चार बच्चों का भरण पोषण करता है। बताया जाता है कि रविवार की शाम को उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। उसके पेट मे दर्द था। वह गांव के ही क्लिनिक में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के यहां दवा लेने गया तो डॉक्टर ने दवा देने की जगह ग्लूकोज चढ़ाने लगा और आरोप है कि गलत इलाज के कारण कुछ समय बाद ही चंद्र प्रकाश गौतम की मौत हो गयी। चन्द्र प्रकाश की मौत के बाद हंगामा होने लगा सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराने की कोशिश की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रिजल्ट के सवा महीने बाद भी नहीं पहुंचे 10वीं–12वीं का अंकपत्र

प्रयागराज(आरएनएस)। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल को घोषित होने के सवा महीने बाद भी परीक्षार्थियों के अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अभी जिलों में नहीं पहुंचे हैं। बोर्ड अधिकारियों ने 10वीं–12वीं में पंजीकृत 55,25,342 छात्र–छात्राओं को 20 मई के बाद अंकपत्र सह प्रमाणपत्र मिलने की उम्मीद जताई थी। लेकिन अब तक अंकपत्र छपकर क्षेत्रीय कार्यालयों को नहीं मिल सके हैं।उम्मीद जताई जा रही है कि इस सप्ताह के अंत तक अंकपत्र सह प्रमाणपत्र प्रयागराज, मेरठ, वाराणसी, गोरखपुर और बरेली क्षेत्रीय कार्यालयों में पहुंच जाएंगे। उसके बाद क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित जिलों को भेजा जाएगा और फिर स्कूल स्तर से वितरण शुरू होगा। ऐसे में अब जून के पहले सप्ताह से अंकपत्र सह प्रमाणपत्र मिलने की उम्मीद है।

# अधिवक्ता पर पुलिस द्वारा लाठियां बरसाने पर सपा नेताओं में नाराजगी

प्रयागराज(आरएनएस)। 25 मई को मतदान के दौरान मतदाताओं को वोट डालने में करैली थाना पुलिस की तानाशाही और पूर्व राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह को करैली पुलिस द्वारा हिरासत में लेने कि खबर से आगबबूला हुए सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को जिस प्रकार प्रताड़ित व बर्बर लाठियां भांजी गई वह लोकतंत्र का मजाक बन कर रह गई। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह ने अधिवक्ता व पूर्व प्रदेश सचिव व सेक्टर प्रभारी रेहान अहमद पर बरसाई गई लाठियां और बर्बर निशान और गिरफ्तारी की घोर भर्तसना कि कहा करैली पुलिस ने हमारे कार्यकर्ता के साथ जिस प्रकार जानवरों वाला किरदार निभाया है उसका मुझे संज्ञान है। उन्होंने कहा कि यह करैली पुलिस का संविधान और कानून का खुला उलंघन है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।